CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षो से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
* नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 * खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

वर्ष- 43 अंक -233 राजनांदगांव, बुधवार 10 जुलाई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## पीएम मोदी-पुतिन के बीच द्विपक्षीय वार्ता; यूक्रेन जंग, आतंकवाद और नई चुनौतियों पर फोकस

मॉस्को। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय रूस दौरे पर हैं। रूस दौरे के दूसरे दिन पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। वार्ता के दौरान आतंकवाद, यूक्रेन और आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई। इस दौरान अपने वक्तव्य की शुरूआत में पीएम मोदी ने कहा, 'मेरे मित्र में आपका इस भव्य सम्मान के लिए दिल से आभार व्यक्त करता हूं। भारत में हुए लोकसभा चुनाव में हमें अभूतपूर्व विजय मिली। उसके बाद आपकी शुभकानाओं के लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मार्च महीने में आपकी भी विजय हुई। मेरी तरफ से आपको बहुत शुभकामनाएं।



### यूक्रेन के विषय में विस्तार से हुई चर्चा

भारत के प्रधानमंत्री ने इस दौरान रूस यूक्रेन के मुद्दे पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने कहा, 'वैसे तो हमारा द्विपक्षीय वार्ता का कार्यक्रम 25 वर्ष से चल रहा है। शायद ये बैठक ऐसी है कि जिस पर पूरी दुनिया का ध्यान केंद्रित है। मेरी इस यात्रा के अलग अलग मायने निकाले जा रहे हैं। कल आपने मुझे अपने निवास स्थान पर बुलाया और एक सच्चे दोस्त के रूप में हमने अलग अलग विषयों पर बात की। मुझे खुशी हुई कि यूक्रेन के विषय में हम दोनों विस्तार से चर्चा कर पाए। हमने आदर से एक दूसरे के विचारों को सुनने समझने का प्रयास किया। मैंने पहले भी कहा कि हमारी भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए शांति आवश्यक है। मैं ये भी जानता हूं कि युद्ध के मैदान में समाधान संभव नहीं होते। बम, बंदूक और गोलियों के बीच समाधान और शांति वार्ताएं सफल नहीं होती। हमने वार्ता के माध्यम से ही शांति के रास्ते अपनाए।'

### 'मैं आतंकवाद की घोर निंदा करता हूं'

पीएम मोदी ने इस दौरान आतंकवाद की भी घोर निंदा की। उन्होंने कहा,'युद्ध हो, संघर्ष हो या आतंकवादी हमले हों, मानवता पर विश्वास करने वाला हर व्यक्ति, जब जनहानि होती है तो बहुत पीड़ित होता है। लेकिन, ऐसे युद्धों में जब मासूम बच्चों की मौत होती है तो हृदय छलनी हो जाता है और वह दर्द बहुत भयानक होता है। इस विषय में भी आपसे विस्तार से चर्चा हुई। करीब 40 वर्षों से भारत आतंकवाद को झेल रहा है। आतंकवाद इतना भयानक और घिनौना होता है, वो हम 40 वर्ष से भुगत रहे हैं। ऐसे में जब मॉस्को में आतंकवादी घटनाएँ घटीं, दागेस्तान में आतंकी घटनाएं घटी। उसका दर्द कितना गहरा होगा, इसकी मैं कल्पना कर सकता हूं। मैं हर प्रकार के आतंकवाद की घोर निंदा करता हूं।' लगभग ढ़ाई दशक से मेरा रूस के साथ नाता जुड़ा है। आपके साथ भी करीब ढाई दशक से नाता जुड़ा है। हम 10 वर्षों में 17 बार मिले और पिछले 25 वर्ष में हमारे बीच करीब 22 द्विपक्षीय वार्ता हुई। ये मेरी रूस की छठी यात्रा है। ये अपने आप में हमारे संबंधों की गहराई दिखाता है।

### दुनिया के लिए चुनौतीपूर्ण रहे पिछले पांच वर्ष

पीएम मोदी ने कहा, 'बीते पांच वर्ष पूरे विश्व के लिए, पूरी मानवजाति के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहे और अनेक संकटों से गुजरना पड़ा। पहले कोविड के कारण और बाद में संघर्ष और तनावों के कालखंड ने अलग अलग भू-भाग में मानव जाति के लिए बहुत संकट पैदा किया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शराब घोटाले में एक और गिरफ्तारी : डुप्लीकेट होलोग्राम सप्लाई करने वाली कंपनी के स्टेट हेड को पकड़ा गया

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला में ईओडब्ल्यू-एसीबी ने मंगलवार 9 जुलाई को एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास नकली होलोग्राम सप्लाई का सबूत भी बरामद हुआ है।



सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, आबकारी घोटाले में डुप्लीकेट होलोग्राम से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य ईओडब्ल्यू-एसीबी के हाथ लगा है। डुप्लीकेट होलोग्राम सप्लाई करने वाली कंपनी प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड का स्टेट हेड दिलीप पांडे को पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि, नवा रायपुर स्थित जीएसटी भवन आफिस के भूतल-कक्ष में होलोग्राम प्रिंटिंग के सेटअप से जुड़े हुए इंडस्ट्रीयल कम्प्यूटर के हार्ड ड्राइव को, जिसके माध्यम से डुप्लीकेट होलोग्राम के सीरियल नंबरों की छपाई की गई थी उसे विधिवत वीडियोग्राफी कराकर जब्त कर लिया गया है।

### नोएडा से छपकर आता था नकली होलोग्राम

वहीं यह भी पता चला है कि, प्रिज्म कंपनी के नोएडा स्थित मुख्यालय से डुप्लीकेट होलोग्राम छपवा कर रायपुर तक लाने के लिए उपयोग में आने वाले दस्तावेज, जिसमें डुप्लीकेट होलोग्राम की संख्या और अन्य विवरण होते थे, आरोपी दिलीप पांडे की निशानदेही पर उसे भी बरामद कराया गया है। इन दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

ट्रक बैटरी
130 ah बैटरी
ट्रक, पैसेंजर बस एवं जेसीबी बैटरी के थोक विक्रेता
सी.पी. ट्रेडर्स
स्टेशन पारा राजनांदगांव
संपर्क:-9827961680, 9340825561

## आईएएस टोप्पो की पदोन्नति : बने जल संसाधन विभाग के सचिव



रायपुर। छत्तीसगढ़ कैडर के 2005 बैच के आईएएस राजेश सुकुमार टोप्पो को राज्य सरकार ने पदोन्नत कर दिया है। आईएएस श्री टोप्पो को सचिव के पद पर पदोन्नत कर सरकार ने उन्हें जल संसाधन विभाग का सचिव बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसको लेकर बाकायदा आदेश जारी किया है।

सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के मुताबिक 1 जनवरी 2021 की तारीख़ से टोप्पो को पदोन्नति दी गई है। जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव ( स्वतंत्र प्रभार) राजेश सुकुमार टोप्पो को विष्णुदेव साय सरकार ने भूतलक्षी प्रभाव (1 जनवरी 2021) से सचिव प्रमोट कर दिया है। पूर्व की कांग्रेस सरकार में राजेश टोप्पो को न तो पदोन्नति दी गई और न ही कहीं पोस्टिंग मिली। जबकि उन्हें 1 जनवरी 2021 से प्रमोशन मिलना था। 2005 बैच के आईएएस टोप्पो को सरकार ने उसी 1 जनवरी 2021 की तारीख से अधिसमय वेतनमान में पदोन्नति दी है।

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2018 में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही टोप्पो को मंत्रालय में पदस्थ कर दिया गया था। लेकिन उन्हें कोई विभाग नहीं दिया गया था। कोविड महामारी के दौरान उन्हें ओएसडी बनाया गया और फिर राजस्व मंडल का सचिव बनाया गया था।

## पुलिस भर्ती में स्थानीय को 5 साल की छूट : 47 हजार 90 आवासहीन परिवारों को मिलेंगे मकान; नई शिक्षा नीति-2020 लागू

रायपुर (दावा)। राज्य सरकार ने सभी तरह की सरकारी सामग्रियों की खरीदी अब जेम पोर्टल से करने का निर्णय लिया है। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने जेम पोर्टल से खरीदी पर रोक लगा दी थी। अभी तक खरीदारी छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (सीएसआइडीसी) द्वारा तय अनुबंध दरों पर होती रही है। यहां से खरीदी जा रहे सामानों की गुणवत्ता खराब होने और भ्रष्टाचार की शिकायत आ रही थी।

मंत्रिपरिषद ने सभी रेट अनुबंध को जुलाई माह के अंत तक निरस्त करने के बाद ये निर्णय लिया है। इसमें 114 समानों की खरीदी के लिए 1687 रेट अनुबंधर निरस्त होंगे। महानदी भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ शासन भंडार क्रय नियम 2002 में संशोधन प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जेम वेबसाइट से खरीदी से पहले विभागों को वित्त विभाग से अनुमति लेना होगा।



**साय मंत्रिमंडल ने लिए बड़े फैसले, अब सरकार करेगी जेम पोर्टल से सारी खरीदी, सीएम आवास योजना की पंजीयन अवधि को बढ़ाया गया**

### विष्णु देव साय मंत्रिपरिषद के अन्य बड़े फैसले

### प्राइमरी में स्थानीय बोली में पढ़ाई

प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को राज्य में पूर्ण रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया। कक्षा पांचवीं तक बच्चों को स्थानीय भाषा-बोली में शिक्षा दी जाएगी। इसके साथ ही प्री-प्राइमरी से 12वीं तक सबको शिक्षा अनिवार्य किया गया है। इस नवीन शिक्षा नीति के तहत समतामूलक और समावेशी शिक्षा प्रदान करने के साथ ही प्रचलित शैक्षणिक संरचना 10+2 के स्थान पर 5+3+3+4 लागू किया गया है।

### 47 हजार 90 आवासहीन अन्य परिवारों को भी आवास

भूपेश सरकार के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के तहत 1 से 30 अप्रैल 2023 तक प्रदेश में कुल 59.79 लाख परिवारों का सर्वेक्षण पूर्ण किया गया था, जिसमें 47 हजार 90 परिवार ऐसे पाए गए जो आवासहीन है, मगर उनका नाम सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत जनगणना की स्थायी प्रतीक्षा सूची में नहीं है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पतंजलि के 14 प्रोडक्ट्स की बिक्री पर बैन; सुप्रीम कोर्ट में जानकारी दी, मैन्युफैक्क्रिंग लाइसेंस सस्पेंड

नई दिल्ली। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने बाजार में अपने 14 प्रोडक्ट्स की बिक्री रोक दी है। उत्तराखंड ने 29 अप्रैल में इन प्रोडक्ट्स के मैन्युफैक्क्रिंग लाइसेंस सस्पेंड किए थे। पतंजलि ने मंगलवार (9 जुलाई) को सुप्रीम कोर्ट में इसकी जानकारी दी।




### 14 प्रोडक्ट्स वापस लेने का निर्देश

कंपनी ने जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता की बेंच को बताया कि लाइसेंस रद्द होने के बाद 5,606 फ्रेंचाइजी स्टोर्स को 14 प्रोडक्ट्स वापस लेने का निर्देश दिया गया है। साथ ही मीडिया प्लेटफार्म्स से भी प्रोडक्ट्स के विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया गया है।

### 14 प्रोडक्ट्स पर लगाया गया बैन

पतंजलि के दिव्य फार्मेसी के 14 प्रोडक्ट्स पर बैन लगाया गया है। इसमें पतंजलि दृष्टि आई ड्रॉप के अलावा श्वासारि गोल्ड, श्वासारि वटी, दिव्य ब्रोंकोम, श्वासारि प्रवाही, श्वासारि अवलेह, मुक्ता वटी एक्स्ट्रा पॉवर, लिपिडोम, बीपी ग्रिट, मधुग्रिट, मधुनाशिनी वटी एक्स्ट्रा पॉवर, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कम नहीं हो रही अरविंद केजरीवाल की मुसीबत, ईडी की चार्जशीट पर कोर्ट ने जारी किया प्रोडक्शन वारंट

नई दिल्ली। शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम नहीं हो रही है। दिल्ली कोर्ट ने केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ दाखिल की गई पूरक अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लिया है।



### 12 जुलाई को होगी सुनवाई

राउज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने ईडी की सातवीं चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए अरविंद केजरीवाल को पेशी का प्रोडक्शन वारंट जारी किया है। यह वारंट 12 जुलाई के लिए जारी किया गया है। इसके अलावा अदालत ने आरोपी विनोद चोहान और आशीष माथुर के खिलाफ ईडी के आठ चार्जशीट पर संज्ञान लिया है।

### हाल ही में सीबीआई ने की थी पूछताछ

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब नीति मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। हाल ही में सीबीआई ने तिहाड़ जेल में केजरीवाल से पूछताछ की थी। यह दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा पीएमएलए मामले में उन्हें दी गई जमानत पर रोक लगाने के बाद हुआ था। कोर्ट की अनुमति के बाद सीबीआई ने 26 जून को केजरीवाल से पूछताछ की और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले दिल्ली सीएम को ईडी ने 21 मार्च को अरेस्ट किया था। मार्च में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर 1 जून को सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत दे दी थी।

### गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट में चुनौती

अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई द्वारा की गई गिरफ्तारी और हिरासत को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने भ्रष्टाचार के मामले में जमानत के लिए याचिका दायर की है। इन मामलों में 17 जुलाई को सुनवाई होगी।

## हाथरस कांड में यूपी सरकार का एक्शन: एसडीएम, सीओ, तहसीलदार सहित 6 निलंबित, एसआईटी ने बताए भगदड़ के कारण

नई दिल्ली/ लखनऊ। हाथरस कांड की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एक्शन में है। मंगलवार को एसडीएम, सीओ और तहसीलदार समेत 6 अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। बता दें, एसआईटी ने सोमवार को यूपी सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

रिपोर्ट में भगदड़ मचने और 121 लोगों की मौत के लिए आयोजकों को जिम्मेदार माना गया है। आयोजकों ने 80 हजार की भीड़ जुटाने की अनुमति ली थी, लेकिन सत्संग में ढाई लाख से अधिक भक्त शामिल हो गए। यही भगदड़ का कारण रहा। भीड़ जुटने के बाद आयोजकों ने उचित प्रबंध नहीं किए। करीब 300 पन्नों की रिपोर्ट में मृतकों के परिजनों और घायल श्रद्धालुओं समेत 119 लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। एसआईटी ने डीएम हाथरस आशीष कुमार, एसपी निपुण अग्रवाल, एसडीएम और सीओ सिकंदराराऊ के साथ 2 जुलाई को सत्संग के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के भी बयान दर्ज किए।

उत्तर प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान मची भगदड़ और 121 लोगों की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी।

## जमानत पर रिहा आरोपी के निजी जीवन में ताक-झांक नहीं कर सकती जांच एजेंसी-सुको

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने नाइजीरियाई नागरिक फ्रैंक विटस पर ड्रग्स मामले में लगाई गई जमानत की शर्त को हटा दिया है। जिसके तहत उसे गूगल मैप पर पिन डालना अनिवार्य था, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मामले के जांच अधिकारी को उसकी लोकेशन उपलब्ध हो सके, इस पीठ ने कहा कि इस अदालत ने माना है कि जमानत की शर्तें काल्पनिक, मनमानी या विचित्र नहीं हो सकतीं।



### आरोपी के निजी जीवन में ताक-झांक की अनुमति नहीं

मामले में पीठ ने कहा, जांच एजेंसी को जमानत पर रिहा आरोपी के निजी जीवन में लगातार ताक-झांक करने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि मनमानी शर्तें लगाकर ऐसा करना आरोपी के निजता के अधिकार का उल्लंघन होगा, जिसकी गारंटी अनुच्छेद 21 द्वारा दी गई है। पीठ ने कहा कि यदि जमानत पर रिहा किए गए आरोपी की हर गतिविधि पर प्रौद्योगिकी या अन्य माध्यम से लगातार नजर रखी जाती है, तो यह अनुच्छेद 21 के तहत आरोपी के निजता के अधिकार सहित गारंटीकृत अधिकारों का उल्लंघन होगा।

### जमानत की कठोर शर्तें, कैद के समान-एससी

पीठ ने कहा, कारण यह है कि जमानत की कठोर शर्तें लगाकर आरोपी पर लगातार नजर रखने का असर यह होगा कि आरोपी को जमानत पर रिहा होने के बाद भी किसी तरह की कैद में रखा जाएगा। ऐसी शर्त जमानत की शर्त नहीं हो सकती। पीठ ने आगे कहा कि जमानत की कोई भी शर्त लगाना, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

होम्योपैथिक चिकित्सक एवं सलाहकार
डॉ.विशाल गंगवानी
(BHMS, RHSC)
आशीर्वाद डेन्टल क्लीनिक, बसंतपुर रोड, पुराना हॉस्पिटल के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 6264277529
समय प्रतिदिन- प्रात: 10 से 2 बजे तक, सायं 4 से 8 बजे तक
होम्योपैथिक चिकित्सा प्रकृति के नियमों पर आधारित पद्धति है जिसमें मरीज को बिना साईड इफेक्ट के जटिल बिमारियों का जड़ से निदान की व्यवस्था है।
बिमारियॉं
बच्चेदानी में गठान, महावारी की अनियमितता, ओवरी में सिस्ट, एनजाइटी डिजआर्डर, बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना, बच्चों का बहुत हाइपर एक्टिव होना, माइग्रेन, पुराना सरदर्द, एलर्जीक खुजली, एलर्जीक सर्दी-खॉंसी, टान्सिलाइटिस, मानसिक तनाव, नींद न आना, डिप्रेशन, अस्थमा, सोरीएसीस, पथरी, ब्लडप्रेशर, मधुमेह, थाइराईड, साईटिका
विशेषकर पुराने जटिल एवं असाध्य रोग
होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में सफलता पूर्वक अनुभव के साथ। हम आज के इस बिमारियों के युग में मरीज की संपूर्ण देखभाल बिना किसी इफेक्ट के होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से प्रभावकारी तरीके से करने हेतु कटिबध्य है।
नया केस अपांइटमेंट के द्वारा लिया जाता है।
अन्य क्लिनिक - चंदखुरी- आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम, चंदखुरी भाटा (समय : प्रति मंगलवार- प्रात: 10 से 2 बजे तक)

## पीएम मोदी को रूस का सर्वोच्च सम्मान... पुतिन ने अपने हाथों से पहनाया 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल'

मॉस्को। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस के सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू एपोस्टल' से सम्मानित किया गया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी को यह सम्मान दिया। रूस और भारत के द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति के लिए असाधारण कार्यों के लिए प्रधानमंत्री मोदी को 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू एपोस्टल' सम्मान दिया गया।



### राष्ट्रपति पुतिन का हृदय से आभार- पीएम मोदी

ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू एपोस्टल अवॉर्ड पुरस्कार ग्रहण करने के बाद पीएम मोदी ने कहा, 'रूस के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने के लिए मैं हृदय से राष्ट्रपति पुतिन का आभार व्यक्त करता हूं। यह सम्मान केवल मेरा सम्मान नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है। यह, भारत और रूस की सदियों पुरानी गहरी मित्रता और आपसी विश्वास का सम्मान है। ये हमारी कूटनीतिक साझेदारियों का सम्मान है। पिछले लगभग ढाई दशक से आपके नेतृत्व में भारत और रूस के संबंध हर दिशा में मजबूत हुए और हर बार नई ऊंचाईयों को प्राप्त करते रहे हैं। आपने दोनों देशों के बीच जिन संबंधों की नींव रखी थी, वो गुजरते समय के साथ और मजबूत होकर निखरे हैं। हमारा पारस्परिक सहयोग, हमारे लोगों की बेहतर भविष्य की उम्मीद भी बन रहा है।'

### राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को दी बधाई

पीएम मोदी को सम्मानित करते हुए राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, 'प्रिय मित्र और आदरणीय प्रधानमंत्री, मैं आपको यह सर्वोच्च सम्मान मिलने पर तहेदिल से बधाई देता हूं। मैं आपकी और भारत के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना करता हूं।'

### पीएम मोदी को इन देशों ने दिए ये पुरस्कार

बता दें कि पीएम मोदी को वर्ष 2016 में अफगानिस्तान द्वारा स्टेट ऑर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्लाह खान, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

हेमन्त साहू 98271-56852 94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।
नंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
सामान्य सर्जरी General Surgeon
■ सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
■ अपेंडिक्स का ऑपरेशन
■ पित्त की थैली का ऑपरेशन
■ मुत्राशय की पथरी का ऑपरेशन
■ बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
■ छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
■ अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
■ हाइड्रोसील का ऑपरेशन
■ हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
■ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
■ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
■ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
■ आयुष्मान कार्ड से एनजीओप्लास्टी की सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

CMYK

# जनहित के कार्यों तथा शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही होने पर की जाएगी कार्रवाई - कलेक्टर

- कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे, विधानसभा के प्रश्नों का उत्तर समय पर देने के निर्देश दिए, मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना की स्थिति नहीं होनी चाहिए
- बीपीओ कॉल सेंटर का विस्तार करने के लिए कहा, मत्स्य विभाग द्वारा बंद पड़ी खदानों में किए जा रहे मत्स्य पालन की प्रशंसा की



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति लापरवाही एवं अनुशासनहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर जाने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यालय में नहीं रहने के कारण कानून व्यवस्था एवं अन्य दिक्कत होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों तथा शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही होने पर कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने डीजे के माध्यम से ध्वनि प्रदूषण होने पर कड़ी कार्रवाई करने तथा अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के प्रकरणों का निराकरण यथाशीघ्र करने कहा। उन्होंने विधानसभा के प्रश्नों का उत्तर समय पर देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण एवं जल संरक्षण की दिशा में उद्योग अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करेंगे। इसके लिए सीएसआर मद का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने रेलवे के तहत डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव में भू-अर्जन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए कहा। जिले में जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे मिशन जल रक्षा अंतर्गत नारी शक्ति से जल शक्ति के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर ग्राम में जल स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी का कार्य जारी रहे तथा किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करें। स्कूल एवं आंगनबाड़ी तथा अस्पताल में भवन के मरम्मत का कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। उक्त बातें कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाने के कार्य में गति लाएं। ऐसे स्थान जहां मवेशी बैठते हैं, उन स्थानों का चिन्हांकन करते हुए हटाने की कार्रवाई करें। मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना की स्थिति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से कहा कि ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय करते हुए मवेशियों को रखने के लिए एक निश्चित स्थान तथा आवश्यक व्यवस्था बनाएं। उन्होंने कहा कि अमृतकाल ¬ छत्तीसगढ़ विजन ञ 2047 अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, अधोसंरचना सहित विभिन्न क्षेत्रों में जिले को अग्रणी बनाने के लिए कार्य करने की जरूरत है। कलेक्टर ने बीपीओ कॉल सेंटर का विस्तार करने के लिए कहा।

इसी तरह उन्होंने प्लग टाईप सीडलिंग यूनिट, पंप हाऊस एवं कृषि लैब के निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मत्स्य विभाग द्वारा बंद पड़ी खदानों में किए जा रहे मत्स्य पालन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन के माध्यम से 300 परिवारों को रोजगार मिला है, यह एक अच्छा कार्य है। श्रीरामलला दर्शन योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार करने तथा सहमति प्रदान करने कहा।

तीर्थयात्रा पर जाने वाले यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए कहा। क्रेडा अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम एवं हॉस्पिटल में लगाए जा रहे सोलर पैनल के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पोट्ठ लईका अभियान, आंगनबाड़ी केन्द्रों में गैस कनेक्शन, जैव विविधता पार्क, स्कूलों में पाठ्यपुस्तक व गणवेश वितरण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर प्रथम तल के दुकानों की नीलामी 18 जुलाई को निगम सभागृह में

- आवेदन एवं अमानती राशि जमा करने की अंतिम तिथि 16 जुलाई शाम 5 बजे तक
- हाईटेक बस स्टैण्ड जेल रोड के पास एवं मोती तालाब के पास नव निर्मित दुकानों की नीलामी 19 जुलाई को निगम सभागृह में
- आवेदन एवं अमानती राशि जमा करने की अंतिम तिथि 18 जुलाई शाम 5 बजे तक

राजनांदगांव (दावा)। निगम स्वामित्व की दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर प्रथम तल में 6 दुकाने, हाईटेक बस स्टैण्ड जेल रोड के पास भूतल व प्रथम तल में कुल 21 दुकाने एवं मोती तालाब के पास भूतल एवं प्रथम तल में कुल 13 दुकानें एवं प्रथम तल में रेस्टोरेंट का निर्माण किया गया है। नव निर्मित दुकानों का आबंटन (निर्धारित प्रीमियम तथा मासिक किराये पर) किये जाने उपरोक्त दुकानों की खूली नीलामी क्रमशः जेल रोड की 14 दुकानों एवं मोती तालाब की 11 दुकानों की नीलामी 18 जुलाई को अपरान्ह 12 बजे से टाउन हाल सभागृह में की जावेगी। नीलामी में भाग लेने आवेदन पत्र निगम कार्यालय के राजस्व शाखा से दिनांक 18 जुलाई तक 2024 को पूर्वाहन 11 बजे तक आवेदन फार्म एवं अमानती राशि जमा कर सकते है। इसी प्रकार दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर प्रथम तल की 6 दुकानो की नीलामी 18 जुलाई को अपरान्ह 12 बजे से टाउन हाल सभागृह में की जावेगी। नीलामी हेतु आवेदन पत्र एवं अमानती राशि 16 जुलाई 2024 को शाम 5 बजे तक जमा कर सकते है।

नीलामी के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि निगम स्वामित्व की उपरोक्त दुकानों की नीलामी में भाग लेने 16 एवं 18 जुलाई तक आवेदन व अमानती राशि जमा कर सकते है और हाईटेक बस स्टैण्ड जेल रोड की 14 दुकाने तथा मोती तालाब के पास की 11 दुकाने की नीलामी 19 जुलाई कों अपरान्ह 12 बजे टाउन हाल सभागृह मे किया जाना है। इसी प्रकार दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर प्रथम तल की 6 दुकानो की नीलामी 18 जुलाई को अपरान्ह 12 बजे से टाउन हाल सभागृह में की जावेगी। उन्होंने कहा कि नीलामी में भाग लेने आवश्यक दस्तावेज निर्धारित समय तक जमा करे। निर्धारित अवधि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। आवेदन पत्र के साथ निर्धारित अमानती राशि प्रति दुकान बैक ड्राफ्ट, आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव के नाम से देय कर नीलामी में भाग ले सकते है। बिना अमानती राशि जमा किये नीलामी में भाग नहीं ले सकते।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान करने के उद्देश से नगरीय निकायों के संपत्ति के आपसेट मूल्य को कलेक्टर गाईड लाईन में निर्धारित दर से 30 प्रतिशत कम की गयी है। जिसके आधार पर आम जनता को राहत देने सामान्य सभा से 30 प्रतिशत कम कर गणना करने प्रस्ताव लिया गया और उपरोक्त दुकानों के आपसेट मूल्य में 30 प्रतिशत कम गणना कर दर निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि दुकानों की नीलामी में आरक्षण का पालन करते हुये अनारक्षित के साथ साथ अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति, दिव्यांग, महिला, शिक्षित बेरोजगार आदि वर्ग का पालन किया गया है। अन्य जानकारी नगर निगम राजस्व शाखा से प्राप्त कर सकते है। उन्होंने निर्धारित तिथि में आवेदन कर निर्धारित अवधि में पहुँचकर नीलामी में भाग लेने की अपील की है।

# तीन वर्षो से फरार धोखाधड़ी का आरोपी बिलासपुर में गिरफ्तार

**थाना सिटी कोतवाली पुलिस राजनांदगांव की कार्यवाही**

राजनांदगांव(दावा)। दूसरे के मकान को अपना बताकर 80 लाख रूपये में सौदा कर तीस लाख रूपये एडवांश लेकर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने तीन साल बाद बिलासपुर से गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुजीत कुमार सिंह पिता राजेन्द्र प्रसाद सिंह उम्र 40 साल साकिन बीएनसी मिल बंगला एरिया राजनांदगांव दिनांक 31 अक्टूबर 2021 को लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 10 अक्टूबर 2020 से 7 फरवरी 2020 के मध्य आरोपी शशांक निर्वाणी पिता स्व. शिव कुमार निर्वाणी उम्र 40 साल निवासी तुलसीपुर मस्जिद के सामने थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव से जमीन मकान क्रय करने बातचीत किया था। आरोपी शशांक निर्वाणी ने पहले अपने मकान के बाजू वाला मकान को बिक्री हेतु होना बताया उसके बाद आरोपी शशांक निर्वाणी ने प्रार्थी को महेश नगर मेन रोड कौरिनभाठा स्थित प्लाट, भूमि जिसका खसरा नं0 465/1 रकबा क्षेत्रफल 2000 वर्ग फीट भूमि को अपना स्वामित्व बताकर जगह दिखाकर 80 लाख रुपये में बेचने हेतु प्रार्थी से सौदा तय कर सौदे अनुसार 30 लाख रुपये नगद एवं बैंक चेक के माध्यम से आरोपी शशांक निर्वाणी प्राप्त कर प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी किया एवं रुपये वापस लौटाने के लिए इकरानामा कर प्रार्थी को रुपये वापस नही लौटाया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

आरोपी अपराध कायमी दिनांक से लगातार फरार रहने के संबंध मे वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली राजनांदगांव से आरोपी के पतासाजी हेतु टीम गठित कर आरोपी शशांक निर्वाणी का लगातार पता तलाश किया जा रहा था। कि मुखबीर की सूचना पर सरकंडा बिलासपुर मे घेराबंदी कर आरोपी शशांक निर्वाणी पिता स्व. शिव कुमार निर्वाणी उम्र 40 साल साकिन तुलसीपुर मस्जिद के सामने थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव हाल मुकाम विजयपुरम सरकंडा फ्लैट नं. 202 थाना सरकंडा जिला बिलासपुर से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया तथा राजनांदगांव लाया गया। आरोपी ने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया जिसके बाद आज 9 जुलाई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव मे दाखिल किया गया।

# पेंशनर्स एसो. छ.ग. प्रदेश का चुनाव 28 जुलाई को



राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश की प्रदेश, जिला, तहसील एवं नगर की संयुक्त बैठक कल 08/07/2024 सोमवार पेंशनर्स भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर में सम्पन्न हुई जिसमें सभी इकाई के पेंशनर्स बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में दिग्विजय महाविद्यालय के सेवा निवृत्त प्राचार्य डॉ. के.एल. टाण्डेकर उपस्थित थे।

बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डी.एन. साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में चौकी, मोहला-मानपुर के जिलाध्यक्ष पूर्णानन्द नेताम एवं प्रांतीय महामंत्री के.पी. सिंह थे। जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष का पूर्व प्रस्तावित चुनाव तिथि एवं चुनाव कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। तदनुसार चुनाव रविवार दिनांक 28/07/2024 को कराया जाएगा। मतदाता सूची जमा करने की अंतिम तिथि 14/07/2024 को रखी गई है। मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन 21/07/2024 को होगा। आपत्ति एवं निराकरण दिनांक 22/07/2024 को होगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 24/07/2024 बुधवार को होगा। चुनाव कार्यक्रम दिनांक 28/07/2024 रविवार को समय प्रातः 11 बजे से, नाम निर्देशन प्रस्तावक एवं समर्थक द्वारा 12 बजे से, चुनाव कार्यक्रम 12 से 1 बजे तक, 1 से 2 बजे तक निर्वाचित प्रांताध्यक्ष द्वारा संक्षिप्त कार्यकारिणी का गठन एवं उद्बोधन तथा समापन। दोपहर 2 बजे भोजन एवं विसर्जन।

मुख्य अतिथि डॉ. के.एल. टाण्डेकर ने अपने उद्बोधन व्यक्त किया कि सभी पेंशनर्स बुद्धिजीवी है तथा उनको जीवन का लम्बा अनुभव रहता है। अतः उन्हें समाज में स्नेह एवं सद्भावना बढ़ाने का निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। वे समाज के युवाओं को सही दिशा एवं मार्गदर्शन देने में सक्षम है। बैठक को तहसील अध्यक्षगण गैंदलाल सोनबाईर, पी.आर. चंद्रवंशी, कोल्हूराम साहू, पूर्णानन्द नेताम, के.पी. सिंह, एस.के. सिंह, हसीना बेगम खान ने भी सम्बोधित किया।

एस.के. टेमरे, डी.डी. पाण्डे, सुश्री सांवरकर, हमिरचंद साहू, आशा तिवारी, नलिनी ठक्कर, लक्ष्मा गजभिये, दुर्गा चौहान, गैंदराम देवांगन, विजय लाल निषाद, चिंताराम साहू, एल.डी. बड़ोनिया, डी.एस. ठाकुर, आर.के. दुबे, मंजू उपाध्याय, चेतनदास साहू, रीता श्रीवास्तव, पुष्पलता सिंह, बी.टी. वाल्दे सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरूष पेंशनर्स उपस्थित थे। बैठक का संचालन जिला महासचिव जी.आर. देवांगन ने की। यह जानकारी नगर अध्यक्ष बी.टी. वाल्दे ने दी।

# आज तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी कलेक्टर को ज्ञापन सौपेंगे

राजनांदगाँव (दावा)। छ.ग. प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा राजनांदगाँव के द्वारा आज बुधवार 10 जुलाई को कर्मचारियों की विभिन्न माँगों को लेकर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन जिलाधीश को सौंपा जावेगा।

उक्ताशय की जानकारी प्रदान करते हुए जिला शाखा के सचिव आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संघ के प्रांतीय निकाय के आह्वान पर प्रमुख संरक्षक पी.आर. यादव, प्रदेश अध्यक्ष जी.आर. चंद्रा, महामंत्री विजय लहरे, संभागीय अध्यक्ष संजय शर्मा के मार्गदर्शन व नेतृत्व में केंद्र के समान देय तिथि से 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिए जाने, अवकाश नकदीकरण की पात्रता 300 दिन की किए जाने, पिंगुआ समिति की अनुशंसा प्राप्त कर सभी संवर्गों की वेतन विसंगति में सुधार किए जाने, लिपिकों को अनुकंपा नौकरी में दी गयी शर्तों के पालन के लिए दक्षता परीक्षा छः माह में आयोजित करने आदेश जारी करने, अनियमित, दैनिक वेतनभोगी और कार्यभारित कर्मचारियों के नियमितिकरण हेतु गठित समिति की अनुशंसा प्राप्त कर नियमितिकरण की कार्यवाही शीघ्र की जाने आदि माँगों व साथ ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में वर्ष 2013 से कार्यरत करीब 30 नियमित प्रशिक्षण अधिकारियों की गत ग्यारह वर्षों से समाप्त नहीं की गयी परिवीक्षा अवधि को दूर किए जाने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किए जाने एवं पदोन्नति, सम्मान, आरपीएल विभागीय परीक्षा का लाभ दिए जाने की माँग को लेकर मध्याह्न भोजनावकाश के मध्य शासन को ज्ञापन सौंपा जावेगा।

संघ के जिला अध्यक्ष अरूण देवांगन, जिला सचिव आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने सभी कर्मचारी साथियों से मध्याह्न भोजन अवकाश के समय शासन को ज्ञापन सौंपे जाने हेतु अधिक संख्या में एकत्रित होने की अपील की है।

# पौधरोपण के साथ उनकी सुरक्षा ज्यादा जरूरी-कुलबीर

**मोतीपुर स्कूल मैदान में हुए पौधरोपण में शामिल हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष**



राजनांदगांव (दावा)। वृक्षारोपण अभियान के तहत रविवार 07 जुलाई को मोतीपुर स्कूल मैदान परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल हुए।

पौधरोपण कार्यक्रम में पहुंचे शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि मात्र पौधरोपण करने से कुछ नहीं होता है बल्कि पौधों की देखभाल, उनकी सुरक्षा के साथ-साथ समय-समय पर खाद-बीज व पानी भी देना पड़ता है। जब जाकर यह पौध वृक्ष का रूप लेकर आने वाले समय में आनंद व सुखदायी जीवन प्रदान करता है। वृक्ष के बिना जीवन संभव नहीं है क्योंकि हमें छाया एवं शुद्ध वातावरण के लिए वृक्ष अति आवश्यकता है। आज के इस आधुनिक युग में बड़े-बड़े उद्योग व इमारत व अन्य सुविधाओं के लिए वृहद रूप से वृक्षों की कटाई हो रही है लेकिन उस अनुपात में पौधे नहीं लग पा रहे हैं, यह गंभीर विषय है। अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने उपस्थितजनों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि कम से कम प्रति व्यक्ति मात्र 5 पौधे लगाएं और अपने बच्चों की तरह उनका पालन पोषण करें तो देखना आने वाले कुछ सालों में यह कितना हितकारी होगा वहीं हमारी संस्कारधानी हरी-भरी नजर आएगी। इसलिए हम सब आज से इस बात का संकल्प लें और अपनी जिम्मेदारी समझकर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।

पौधरोपण कार्यक्रम में आम, बेल सहित 8 प्रकार के विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया खान, पार्षद मनीष साहू, मुन्ना श्रीवास्तव, सुरेन्द्र गजभिए, फरमान अली, जितेन्द्र सिन्हा, द्वारिका वर्मा, बंशी देवांगन, कमलदास मानिकपुरी, रूपदास साहू, कमल देवांगन, लोकेश देवांगन सहित मोतीपुर के वार्डवासी उपस्थित रहे।

## आपदा में सहायता के लिए डॉयल 1070 पर कर सकते हैं संपर्क

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार गृह मंत्रालय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली एवं सी-डेक तिरूवनंतपुरम तथा राज्य सरकार के सहयोग से प्रदेश में किसी आपदा में जन समुदाय को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए ईआरएसएस (डॉयल 1070 आपदा प्रबंधन आपातकालीन नंबर) संचालित किया जा रहा है। जनसमुदाय बाढ़, अग्नि दुर्घटना, आकाशीय बिजली दुर्घटना, सर्पदंश जैसी अन्य आपदा में सहायता के लिए डॉयल 1070 पर संपर्क कर सकते है।


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-5-7
450-9 335-1
राजधानी
2-6-0
568-9 440-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
भैरा उका के कामेडी के डोज... पारिवारिक फिल्म
मोहित साहू कृत
हण्डा
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - अमलेश नागेश, अमृता कुशवाहा, अनिल सिन्हा, नीरज उइके, धर्मेन्द्र साहू आदि



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
06th July to 11th July 2024
silver SCREEN



Handa (C.G) - 12:15, 03:15, 03:30, 06:15 & 09:00 pm



Kill (Hindi) - 12:30, 06:30 and 09:30 pm



Kalki 2898 AD (Hindi) - 11:00am, 02:30, 06:00 & 09:15 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**

**ईश्तहार**

ई-कोर्ट नं. 202407092300011
वर्ष 2023-24

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवलाल वर्मा पिता जयलुलाल वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम पलान्दुर तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्री मुस्कान वर्मा पिता शिवलाल वर्मा का दिनांक 24.06.2007 में ग्राम पलान्दुर में जन्म हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत घोठिया के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्री मुस्कान वर्मा पिता शिवलाल वर्मा का दिनांक 24.06.2007 में ग्राम पलान्दुर में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 19.07.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपतित पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया।

**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

## विकसित छत्तीसगढ़ मेरे सपने का खुशहाल छत्तीसगढ़ विषय पर निबंध प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. के निर्देशानुसार अमृतकाल छ.ग विजन 2047 के तहत महाविद्यालय स्तर पर शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय में कार्यरत समस्त स्टॉफ एवं प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु विकसित छत्तीसगढ़, मेरे सपने का खुशहाल छत्तीसगढ़, विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थी/स्टॉफ हिन्दी अथवा अंग्रेजी में उपरोक्त विषय पर 1500 से 2500 शब्दों में निबंध लिखकर दिनांक 18 जुलाई तक संबंधित महाविद्यालय में जमा कर सकते हैं। निबंध हेतु उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मार्गदर्शिका जारी की गई है, जिसका अवलोकन विद्यार्थी दिग्विजय महाविद्यालय के वेबसाईड पर कर सकते हैं।

**कार्यालय नगर पंचायत छुरिया**
**जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्रमांक/294/राजस्व /न.पं./2024-25 छुरिया, दिनांक 8 /07/2024

**प्रारूप**
**(नियम 07)**

**नगर पंचायत क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं के अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि छुरिया नगर पंचायत क्षेत्र को 15 वार्डों में विभाजित करते हुये प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किए गए है, जो छुरिया नगर पंचायत कार्यालय में कार्यालय समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख से सात दिवस के भीतर लिखित रूप में अद्योहस्ताक्षकर्ता को प्रस्तुत किए जा सकेंगें।

स्थान छुरिया
दिनांक 09.07.2024

(विजय कोठारी)
तहसीलदार छुरिया
(नाम निर्दिष्ट अधिकारी वार्ड परिसीमन)
नगर पंचायत-छुरिया

**कार्यालय नगर पंचायत छुरिया, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

Phone No. 07745-264263 email: ppchhurlya@gmail.com

क्रमांक/284 / लो.नि.वि./न.पं./2024-25 छुरिया, दिनांक 05/07/2024

**// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

**एतद् द्वारा नगर पंचायत छुरिया में निम्न उल्लेखित कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत से ठेकेदारों/विक्रेता/एजेंसी से मैनुअल निविदा दर आमंत्रित किया जाता है : -**

| क्रं. | कार्य का नाम | राशि लाख में | निविदा प्रस्तुत हेतु आवेदन व प्रदाय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | कार्यालय भवन में नवीन सुविधा अंतर्गत एयर कंडिशनर क्रय। | 4.00 | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18/07/2024 शाम 04.00 बजे तक तथा निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि 19/07/2024 शाम 04.00 बजे तक |
| 2 | वार्ड क्र. 14 उद्यान हेतु खेलकूद सामग्री क्रय क्रय। | 3.80 | |
| 3 | वार्ड क्र. 09 प्राथमिक शाला हेतु खेलकूद सामग्री क्रय। | 2.00 | |
| 4 | वार्ड क्र. 09 सामुदायिक हेतु स्टील चेयर सामग्री क्रय। | 1.00 | |
| 5 | वार्ड क्र. 14 सामुदायिक हेतु स्टील चेयर सामग्री क्रय। | 1.00 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पंचायत छुरिया से प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत- छुरिया**

# हॉकी और झांकी के साथ अब राजनांदगांव का बास्केटबॉल खेल भी देश-विदेश में प्रसिद्धि - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अंतर साई और अंतर खेलों इंडिया एकेडमी बास्केटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह राजनांदगांव के कलेक्टर संजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे की अध्यक्षता एवं दिग्विजय स्टेडियम के मैनेजर रणविजय प्रताप सिंह, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी लुमेंन्द्र साहू के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की दो टीम, साई ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर, साई ट्रेनिंग सेंटर सेलम, साई ट्रेनिंग सेंटर धारवाड़, साई ट्रेनिंग सेंटर वाराणसी, युगांतर खेलों इंडिया एकेडमी, एवं साई ट्रेनिंग सेंटर जम्मू की टीमें भाग ले रही है।




उद्घाटन अवसर पर राजनांदगांव के कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजनांदगांव देश में खेल नगरी के रुप में प्रसिद्ध है। राजनांदगांव पूर्व में हॉकी की नर्सरी के रूप में जानी जाती है। अब राजनांदगांव को लोग बास्केटबॉल की नर्सरी के रूप में भी जानते हैं। आज राजनांदगांव की पहचान हॉकी, झांकी एवं बास्केटबॉल के कारण भी है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि खेल के जरिये खिलाड़ी आपस में मिलते है और खेल आपस मे दोस्ती करवाता है। खेल रोजगार के अवसर प्रदान करता है। नौजवान खिलाड़ियों के बीच नव ऊर्जा का संचार होता है एवं खिलाड़ियों के बीच आकर उत्साह का संचार होता है। उन्होंने साई राजनांदगांव की खेल उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही साथ साई एवं अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव की खेल को बढ़ावा देने के लिए किये गये प्रयासों की भी प्रशंसा की।

**अखिल भारतीय अंतर साई बास्केटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन संपन्न**

उक्त आशय की जानकारी देते हुए साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव के केंद्र प्रभारी के.सी.त्रिपाठी ने बताया कि 8 से 12 जुलाई तक आयोजित यह प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट पद्धति से खेली जायेगी।

इस अवसर पर विभिन्न टीमों के कोच मेनेजर, कार्तिकेयन, सचिन डोंगढ, पंकज पांडे, प्रियंका, कालवा राधा राव, दिव्या धारावत, सागादेवन, हरप्रीत कौर, अशोक यादव, अमित कुमार, अंतर्राष्ट्रीय रेफरी गोविंद सेन, जतिन मिश्रा, संतोष शुक्ला, अरविंद रजक, मनिष धोबी, तिरथ गोस्वामी, क्षत्रिय कार्यालय भोपाल से गगनदीप सिंह बरार सहित अन्य गणमान्य नागरिकों एवं खिलाडी उपस्थित थे।

आज खेले गए मैचेस में साई ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर ने साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की बी टीम को 55-44 अंको से हराया, साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की ए टीम ने साई ट्रेनिंग सेंटर जम्मू को 60-25 अंको से हराया, युगांतर खेलों इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी राजनांदगांव ने साई ट्रेनिंग सेंटर धारवाड़ को 57-18 अंकों से परास्त किया।

# नियुक्ति तिथि से पूर्ण पेंशन की मांग



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष विष्णु शर्मा ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से माँग किया है कि पुरानी पेंशन आदेश प्रसारित करने राज्य शासन को ज्ञापन सौपा गया है।

उन्होंने अवगत कराया कि छग सरकार 2022 में शासकीय कर्मचारी जिनकी नियुक्ति 2004 के बाद हुई है उनके लिए पुरानी पेंशन की घोषणा की है। लेकिन छग में एक ऐसा शिक्षक संवर्ग जो शासकीय शालाओं मे 1998 से सेवा दे रहें हैं। जिसे पंचायत भर्ती समझकर 20 वर्ष की सेवा को शून्य कर पुरानी पेंशन से दूर किया जा रहा है। जबकि कार्यभारित, दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन कर्मचारियों को उनकी पिछली सेवा को भी गणना कर पेंशन दिया जा रहा है। 1998-99 से कार्यरत ऐसे कई शिक्षक सेवानिवृत्त हो चुके हैं और बहुत से शिक्षक सेवानिवृत्त के कगार पर हैं। 1998-99 में भर्ती किसी भी शिक्षक का सेवा पूर्ण पेंशन के दायरे मे नहीं हैं। क्योंकि शासन संविलियन तिथि 2018 को नियुक्ति तिथि मानकर पेंशन देना चाहती है। जितने भी 1998-99 से लेकर 2018 तक शिक्षक भर्ती हुआ है सभी की सेवा को शून्य घोषित किया गया है जबकि 1998-99 के शिक्षक एलबी संवर्ग की भर्ती सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, व्याख्याता के नियमित पदों पर रिक्त पदों पर एक निश्चित वेतनमान पर की गयी थी जिनका नियमानुसार 2001 में नियमितीकरण किया गया। शर्मा ने अवगत कराया की 1998-99 से लेकर आज पर्यंत तक एक ही सर्विस बुक में सांधारण किया जा रहा है और प्रत्येक वर्ष वेतन वृद्धि भी दिया जा रहा है। 2018 में विभाग में शासकीयकरण भी कि जा चुका है इसी आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के तहत हमें नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि जोड़कर जीपीएफ कटौती करते हुए शासकीय सेवको को लाभ दिया जाना चाहिए, लेकिन हमें उन लाभ से वंचित किया जा रहा है। इस मांग को संघ के जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, हरीश शर्मा, बसंत गुप्ता, वीरेंद्र साहू, शशांक साहू, ललित महाजन, सौरभ तिवारी, रितेश दीक्षित, मनीष ठाकुर, लविंद्र साव, संजीव गंधर्व, मोहनलाल साहू, श्रीमती शशिकला कठोलिया, श्रीमती चित्ररेखा वैष्णव, वीरेंद्र वैष्णव, गुलाब गावरे, जयचंद पाटिल आदि ने मांग को जायज ठहराते हुए पूरा करने की बात कही है।

# कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी और दो छात्र नेता गिरफ्तार

रायपुर (दावा)। केपीएस स्कूल प्रकरण में कांग्रेस प्रवक्ता और दो अन्य छात्र नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। केपीएस स्कूल में प्रदर्शन करने को लेकर प्रबंधन द्वारा कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी सहित एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी हेमंत पाल और महासचिव कुणाल दुबे पर एफआईआर दर्ज किया गया था। मामला दर्ज करने के बाद अब तीनों की गिरफ्तारी हुई है, जिसके बाद सभी को रायपुर जिला सत्र न्यायालय में पेश किया गया।



**केपीएस स्कूल प्रबंधन की शिकायत पर हुई कार्रवाई**

## 0 स्कूल प्रबंधन ने लगाया ये आरोप

राजेंद्र नगर स्थित कृष्णा किड्स स्कूल प्रबंधन का आरोप है कि इन्होंने स्कूल के अंदर जबरदस्ती घुसकर शिक्षा विभाग और संस्था के खिलाफ नारेबाजी कर स्टाफ को गाली दी। कृष्णा किड्स एकेडमी के एडमिनिस्ट्रेटर संजय त्रिपाठी ने शिकायत में बताया है कि, 6 जून की दोपहर एनएसयूआई कार्यकर्ता स्कूल परिसर के जबरदस्ती घुस आए। उस दौरान स्कूल में हेड मास्टर समेत स्टाफ मौजूद थे। विकास तिवारी और उनके साथ पहुंचे लोग संस्था के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इन्होने हंगामा करते हुए गाली-गलौज भी की।

उधर विकास तिवारी का आरोप है कि शहर में कृष्णा किड्स एकेडमी की ओर से सुन्दर नगर, राजेन्द्र नगर और शैलेन्द्र नगर में जो प्ले स्कूल चलाई जा रही है, उनकी मान्यता नहीं है। वहीं, स्कूलों में फीस नियामक और आरटीई अधिकार अधिनियम का भी पालन नहीं हो रहा है। विकास तिवारी ने यह भी बताया कि स्कूल के समक्ष पुलिस की मौजूदगी में प्रदर्शन किया गया है, और प्रबंधन ने जो आरोप लगाया है वह पूरी तरह झूठ है।

बहरहाल तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। जहां कल बुधवार को इस मामले में जमानत को लेकर सुनवाई होगी। जिसके बाद तीनों कांग्रेस नेताओं को जेल भेज दिया गया।

# एनपीएस में नवगठित छात्र-परिषद का शपथ ग्रहण

राजनांदगाँव (दावा)। नगर की अग्रणी एवं जिले में अपनी शैक्षणिक गतिविधियों के लिए सुविख्यात नीरज पब्लिक स्कूल में विगत 6 जुलाई को नवगठित छात्र-संघ ने शपथ ग्रहण की। इस अविस्मरणीय क्षण को शाला प्राचार्या एवं प्रबंधकगणों के साथ समस्त शाला परिवार की उपस्थिति ने अभूतपूर्व बना दिया। शाला निदेशकगण का प्रतिनिधित्व निदेशकद्वय मैनेजिंग डायरेक्टर संतोष कांकरिया एवं सचिव कमलेश उभरानी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से किया।



आयोजन के मुख्य अतिथि शहर के विख्यात नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ.मिथिलेश शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती स्वेता शर्मा थे। सीनियर हेड बॉय के पितामह, नगर के ख्यातनाम अधिवक्ता खेमचंद जैन अपनी धर्मपत्नी श्रीमती शांतिदेवी जैन के साथ, सीनियर हेड गर्ल के पालक श्री राणा दास व श्रीमती मोनालिसा दास, जूनियर हेड बॉय के पालक कल्पेश चौहान व श्रीमती लक्ष्मी चौहान तथा जूनियर हेड गर्ल के पालक कुणाल शर्मा व श्रीमती अंशु शर्मा विशेष आमंत्रित अतिथियों के रूप में उपस्थित थे।

सर्वप्रथम आमंत्रित अतिथियों का तिलक लगा कर तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात शाला के छात्र समूह ने क्रीड़ा विभाग के शिक्षकों के कुशल नेतृत्व में स्कूल बैंड की धुन पर आकर्षक मार्च-पास्ट से अतिथियों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। आमंत्रित अतिथियों के हाथों परिषद के पदाधिकारियों को बैज प्रदान किये गए। इस अवसर पर शाला के नव नामांकित शैक्षणिक प्रभारियों, विभागाध्यक्षों, गतिविधि प्रभारियों तथा हाउस-वार्डन शिक्षकों को भी बैज प्रदान किये गए। आयोजन की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए शाला प्राचार्या सुश्री भारती गौते ने छात्र-परिषद् के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

राष्ट्रगान के सामूहिक गान के बाद प्राचार्या द्वारा स्कूल-ध्वज शैक्षणिक प्रभारियों को तथा विभिन्न हाउस के ध्वज सम्बद्ध हाउस-वार्डन को प्रदान किये गए।

ज्ञात रहे साईस ओलंपियाड फाउण्डेशन (एस.ओ.एफ) द्वारा शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते को सत्र 2023-24 हेतु 'जिले का सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य' पुरूस्कार दिया गया है। यह पुरूस्कार उपस्थित अतिथियों के हाथो उन्हें प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से डॉ. मिथिलेश शर्मा ने बच्चों से स्वास्थ्य का ख्याल रखने की हिदायत देते हुए कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग बसता है। शाला के हेड बॉय रजत जैन ने अपने संबोधन में पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन का आश्वासन दिया।

विशेष अतिथि राणा दास एवं कुणाल शर्मा ने शाला परिवार को इस गरिमामय आयोजन हेतु साधुवाद प्रदान किया। निदेशक कमलेश उभरानी ने अपनी शुभकामनाएं प्रदान कीं। अंत में सीनियर हेड-गर्ल रिधिमा दास ने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। शाला प्रशासक विपिन गौते के कुशल नेतृत्व में शाला के कला विभाग के शिक्षकों द्वारा मनभावन साज-सज्जा एवं आकर्षक रंगोली ने आगन्तुकों को आकृष्ट किया। आयोजन का सफल संचालन शिक्षकद्वय अभिजीत मुखर्जी एवं श्रीमती लक्ष्मी चौहान द्वारा किया गया।

# साफ-सफाई करने से शरीर के साथ-साथ मन भी स्वच्छ होता है





राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नियमित गतिविधि के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर मैदान में पेड़ पौधों के आसपास उगे खरपतवार और घास फूस की सफाई किए, पूरे मैदान के खराब उगे झाड़ियां की सफाई की गई।

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि नियमित गतिविधि के अंतर्गत सप्ताह में एक दिन निर्धारित करके स्वच्छता अभियान चलाया जाता है, जिससे शरीर, मन और आत्मा को स्वच्छ और शांतिपूर्ण रखकर अच्छे चरित्र के निर्माण के उद्देश्य की पूर्ति के लिए छात्रों के बीच आयोजन किया गया। लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता बहुत आवश्यक है, यह हमें गंदगी और बीमारियों से दूर रहने के साथ स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने में मदद करती है, अभियान का मकसद गलियों, सड़कों एवं कॉलेज को साफ सुथरा करना है। पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के उद्देश्य से किया गया द्य साफ सफाई केवल सफाई कर्मचारियों की ही जिम्मेदारी नहीं है, यह हम सभी नागरिकों की भी जिम्मेदारी है ,के उद्देश्य के साथ आयोजन किया गया। हम अपने आसपास साफ सुरक्षित रखें इसीलिए राष्ट्रीय सेवा योजना की विद्यार्थियों द्वारा जोर-शोर से यह अभियान चलाया जा रहा है।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की विद्यार्थियों ने जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में रखे कूड़ेदान की साफ सफाई, पान, गुटखा की पॉलीथिन और घास, फूस की सफाई से जागरूकता लाने का प्रयास किया है, क्योंकि पुरानी आदतों को बदलने में समय लगेगा लेकिन यह इतना मुश्किल काम भी नहीं है कि हम सीख भी ना सके।

विद्यार्थियों के इस प्रयास से साफ सफाई द्वारा कई घातक बीमारियों में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है ऐसे कार्यों से आम जनता में स्वच्छता के प्रति जागरुकता आएगी। कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं डॉ. मनीष जैन ने संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान की सराहना की।

आयोजन में महाविद्यालय के प्रीति इंदौरकर, (विभागध्यक्ष) शिक्षा एवं राधेलाल देवांगन सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की सराहनीय सहभागिता रही।

# झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने समझाईश देने आयुक्त ने स्वास्थ्य कर्मियों को दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। निगम सीमाक्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणात्मक सुधार लाने आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सुबह सफाई की मानिटरिंग कर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रोत्साहित कर रहे है। इसी कडी में उनके द्वारा मानव मंदिर चौक,गांधी चौक,बासपाई पारा, चौखडिया पारा में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर सफाई में सुधार लाने तथा झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने लोगों को समझाई देने के निर्देश दिये।



**शहर के भीतरी भाग में सफाई निरीक्षण कर साफ सफाई रखने दिये निर्देश**

सफाई मानिटरिंग में आयुक्त श्री गुप्ता प्रातः मानव मंदिर चौक, गांधी चौक में सफाई कार्य का जायजा लेकर सफाई कर्मियों से चर्चा कर कहा कि झिल्ली पन्नी फसने के कारण पानी का निकासी नही हो पाता और नाली जाम होने से बारिश में पानी सडकों पर आ जाता है। इसे ध्यान में रखकर नाली नालों की अच्छे से सफाई करे, झिल्ली पन्नी प्रतिदिन निकाले जिससे फसने की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि मानव मंदिर चौक, गांधी चौक शहर का प्रमुख क्षेत्र है, इसके अलावा आस पास के क्षेत्रों में साफ सफाई में सुधार की आवश्यकता है। सभी सफाई कर्मी प्रातः दुकाने खुलने के पूर्व सफाई कर कचरा उठाना सुनिश्चित करे। साफ सफाई रखने झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने लोगों को समझाईस देवे।

आयुक्त श्री गुप्ता चौखडिया पारा में झुलेलाल मंदिर के पास जाम नाली के कारण पानी भरान की स्थिति पर तत्काल नाली को अच्छे से साफ कर झिल्ली पन्नी निकालने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नाली में जाली लगावे, जिससे झिल्ली पन्नी पुलिया में न फसे और झिल्ली पन्नी असानी से निकाला जा सके। उन्होंने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा से कहा कि वर्तमान में निगम के सफाई कर्मी एवं प्लेसमेंट कर्मियों से शहर में सफाई कार्य कराया जा रहा है, सभी सफाई कर्मी लगन से निर्धारित समय दोपहर 1 बजे तक सफाई करना सुनिश्चित करेंगे। बारिश एवं मौसमी बीमारी को भी ध्यान में रखकर अच्छे से कार्य करेंगे, लोगों को कचरा सडक में न फेकने, डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडी में डालने, साफ सफाई रखने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने समझाईस देंगे।

## स्काउट-गाइड रोवर रेंजरों ने किया पौधरोपण

राजनांदगांव (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार राज्य के सभी जिले में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत राजनांदगांव विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघेरा एवं सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र बघेरा में स्काउट-गाइड ने जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, स्कूल बच्चों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। अतिथियों ने 1 पेड़ माँ के नाम के तहत अपने घर या आसपास 1 पेड़ लगाकर उसे संरक्षित करने का आग्रह किया गया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण, पेड़-पौधों के संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर गिरीश साहू, सरपंच हरीश देशमुख, पंच श्रीमती सविता साहू, प्राचार्य श्रीमती व्ही सेमुअल, वरिष्ठ व्याख्याता एवं जिला सचिव देवेन्द्र प्रजापति, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मयूख श्रीवास्तव, जेपी नेताम, रमेश दास साहू, मुन्ना लाल साहू, राजेश साहू, श्रीमती आरती साहू साहित शिक्षक, स्काउटर-गाइडर उपस्थित थे।

# बारिश को ध्यान में रखते हुए अच्छे से होनी चाहिए नालियों की साफ-सफाई - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट के शक्तिकक्ष में नगरीय निकायों में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश का समय है ऐसे समय में नालियों की साफ-सफाई अच्छे से होनी चाहिए। जिससे बारिश का पानी नालियों से सही तरीके से निकासी हो। शहर के तालाबों में गंदा पानी न जाये इसके लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में होने वाली सफाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों की सफाई अच्छे से होनी चाहिए। उन्होंने नगरीय निकाय के अधिकारियों को वार्डों में जाकर साफ-सफाई की व्यवस्था देखने निरीक्षण करने के लिए कहा। स्वच्छता के कार्य को युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिए। नगरीय क्षेत्रों में व्यवसायिक परिसर एवं दुकान निर्माण के साथ-साथ पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था बनाने कहा। उन्होंने कहा कि खाली जगहों पर वृक्षारोपण करने कहा। उन्होंने कहा कि शहर का विकास तभी होता है जब विकास कार्य व्यवस्थित तरीके से हो। सभी अधिकारी को जिम्मेदारीपूर्वक अच्छा कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने नगरीय निकाय क्षेत्रों में कर वसूली की कार्रवाई कम होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय में राजस्व वसूली महत्वपूर्ण कार्य है। सभी नगरीय निकाय में निर्धारित राजस्व वसूली का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने शहरवासियों को निगम के सभी प्रकार के कर भुगतान के लिए ऑनलाईन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना बनाने कहा।



**नगरीय निकायों के अधिकारियों को वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था देखने के दिए निर्देश**

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति जानकारी, राजस्व वसूली विभिन्न मदों की जानकारी, शहरी क्षेत्र में रिक्त पड़े भूमि में वृक्षारोपण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, नाली-नालों की सफाई, पेयजल, बिजली एवं साफ-सफाई की स्थिति एवं आवास आबंटन की स्थिति की प्रगति जानकारी, अप्रारंभ कार्य, हेण्ड ओवर के लंबित कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम अभिषेक गुप्ता ने नगरीय निकायों द्वारा किए जा रहे कार्य की कलेक्टर को जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, सभी नगरीय निकायों के सीएमओ सहित नगर पालिक निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# संपर्क टीवी कार्यक्रम के माध्यम से स्मार्ट स्कूल अंतर्गत योगदान देने के लिए अधिकारियों को किया गया सम्मानित

**संपर्क डिवाईस के माध्यम से बच्चों के सीखने की प्रवृत्ति बढ़ी**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपर्क टीवी कार्यक्रम के माध्यम से स्मार्ट स्कूल अंतर्गत योगदान देने के लिए अधिकारियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि जिले में 671 प्राथमिक शालाओं में 42 लाख 62 हजार रूपए की लागत से जनसहभागिता एवं सहयोग से संपर्क डिवाईस लगाए गए हैं। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में किया गया यह कार्य प्रशंसनीय है। संपर्क डिवाईस के माध्यम से बच्चों के सीखने की प्रवृत्ति बढ़ी है। स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चे कविता, गणित, विज्ञान एवं अन्य विषयों को रूचि लेकर सीख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी अपना सहयोग दिया है।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा सतीश ब्योहरे, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आनंद शर्मा, क्षेत्रीय प्रमुख दुर्ग क्षेत्र बैंक ऑफ बड़ौदा अनंत माधव, उप महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास) अंचल कार्यालय रायपुर बैंक ऑफ बड़ौदा भारत कुमार चावड़ा, प्रभारी सहायक आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग सुश्री दीक्षा गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव सुश्री तनूजा मांझी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगांव नवीन कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया नारायण बंजारा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ सुश्री दिव्या ठाकुर, पूर्व प्राचार्य शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव डॉ. केएल टांडेकर, कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विकास योजना क्रमांक 2 आरआर खरे, प्रभारी कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग जीडी रामटेके, उप संचालक कृषि एनएल पाण्डेय, महाप्रबंधक व्यापार एवं उद्योग सानु वर्गीस, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग समीर शर्मा, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं श्रीमती शिल्पा अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग ए.के. चौहान, सहायक आयुक्त आबकारी विभाग यदुनंदन राठौर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न, जिला खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर, जिला खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी को सम्मानित किया गया।

## अनमोल दावा

> जीतने वाले कभी बहाने नहीं बनाते और बहाने बनाने वाले कभी जीतते नहीं.....।

# ऊंचे सार्वजनिक कर्ज की वजह से बजट में कल्याणकारी कदमों के लिए सीमित गुंजाइश

मुंबई : भारत के सार्वजनिक ऋण के ऊंचे स्तर पर होने से अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने वाले कल्याणकारी कदम उठाने के लिए राजकोषीय गुंजाइश सीमित रह गई है। एक विदेशी ब्रोकरेज फर्म ने सोमवार को यह बात कही। ब्रोकरेज फर्म गोल्डमैन शैक्स ने पूर्ण बजट पेश होने के कुछ दिन पहले जारी एक रिपोर्ट में कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण राजकोषीय घाटे को 5.1 प्रतिशत पर सीमित रखने के अंतरिम बजट में घोषित लक्ष्य पर टिकी रह सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, निवेशक बजट से राजकोषीय सशक्तीकरण की राह में कुछ ढिलाई और पूंजीगत व्यय से कल्याणकारी व्यय पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद कर रहे हैं।

हालांकि, ब्रोकरेज फर्म को इसकी संभावना नहीं दिख रही है। गोल्डमैन शैक्स ने कहा, ÷हमारी राय में उच्च सार्वजनिक ऋण को देखते हुए अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए राजकोषीय गुंजाइश सीमित है। बुनियादी ढांचा बेहतर होने से सकारात्मक विकास के दीर्घकालिक प्रभाव पैदा हुए हैं, जिसे नीति-निर्माता छोड़ना नहीं चाहेंगे।÷ ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि राजकोषीय घाटे के अंतिम लक्ष्य को भी वर्तमान



5.1 प्रतिशत से कम किया जा सकता है, और सीतारमण वित्त वर्ष 2025- 26 में इसे घटाकर 4.5 प्रतिशत पर ला सकती हैं।

रिपोर्ट कहती है कि कल्याणकारी व्यय के लिए भले ही 'कुछ व्यय आवंटन' किया जाए लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक से मिले 2.1 लाख करोड़ रुपये के लाभांश को देखते हुए पूंजीगत व्यय में कटौती की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में प्रोत्साहन के लिए सीमित राजकोषीय गुंजाइश है। इसने बताया कि सरकार के बजट में व्याज व्यय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.4 प्रतिशत हिस्सा है। इसने कहा, 'हमारी गणना दर्शाती है कि सरकार की राजकोषीय नीति वित्त वर्ष 2021-22 से वृद्धि के लिए एक अवरोध रही है और सरकार के राजकोषीय सशक्तीकरण लक्ष्य को देखते हुए वित्त वर्ष 2024- 25 और 2025-26 में भी यही हाल रहेगा।'

इसने कहा कि वित्त वर्ष 2021-24 के बीच पूंजीगत व्यय में 31 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि हुई, जिससे आर्थिक वृद्धि को रफ्तार मिली। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि आगामी बजट में केवल राजकोषीय आंकड़ों से आगे बढ़कर रोजगार सृजन पर जोर दिया जा सकता है। इसके लिए श्रम-बहुल विनिर्माण, छोटे व्यवसायों के लिए ऋण, वैश्विक क्षमता केंद्रों का विस्तार करके सेवाओं के निर्यात पर निरंतर ध्यान दिया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताविक, बजट में मूल्य अस्थिरता पर काबू पाने के लिए घरेलू खाद्य आपूर्ति श्रृंखला और भंडार प्रबंधन पर जोर दिया जा सकता है।

# एनटीए मानने को नहीं तैयार NEET पेपर लीक, सुप्रीम कोर्ट के आदेश का इंतजार

इस परीक्षा में करीब चौबीस लाख विद्यार्थी बैठे थे। इसके लिए उन्होंने महीनों कड़ी मेहनत से तैयारी की थी। अगर दुबारा परीक्षा होगी, तो उन्हें फिर से उसी प्रक्रिया से गुजरना होगा।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि यह स्पष्ट है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट में पर्चाफोड़ हुआ है, मगर इसमें देखना होगा कि इसका दायरा कितना बड़ा है। दरअसल, विद्यार्थियों की तरफ से दायर याचिकाओं में दुबारा नीट परीक्षा कराने की मांग की गई है। इस संबंध में अदालत ने एनटीए और सीबीआइ से पूछा है कि इसका दायरा कितना बड़ा है। अगर दो छात्रों को इसका लाभ मिला है, तो पूरी परीक्षा को रद्द करने का आदेश नहीं दिया जा सकता, लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से पर्चाफोड़ हुआ है तो यह जंगल की आग की तरह है। अगर परीक्षा की शुचिता च्नष्टज् हुई है तो दुबारा परीक्षा का आदेश देना होगा। हालांकि एनटीए और सरकार अंत तक अपनी दलील पर अड़े रहे कि जिन अभ्यर्थियों को कृपांक दिया गया था, उन्हें दुबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया गया और अब नतीजे दुरुस्त हैं। मगर अदालत ने एनटीए से पर्चाफोड़ की प्रकृति और उन केंद्रों के नाम बताने को कहा है, जहां पर्चाफोड़ हुआ। सीबीआइ से पूछा है कि उसकी जांच में क्या तथ्य हाथ लगे हैं। दुबारा परीक्षा की मांग करने वाले छात्रों से भी अपने पक्ष में तर्क देने को कहा है।

इस मामले में अगली सुनवाई गुरुवार को होनी है। लगता नहीं कि एनटीए के पास अपने बचाव में कोई पुख्ता दलील बची है। वह शुरू से यही कहती आ रही है कि इस परीक्षा में पर्चाफोड़ हुआ ही नहीं। केंद्रीय शिक्षामंत्री भी कहते रहे कि परीक्षा से पहले पर्चे बाहर नहीं गए। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने माना है कि पर्चाफोड़ तो हुआ है। परीक्षा के दिन से ही विद्यार्थी आरोप लगा रहे हैं कि इसमें नकल कराई गई, मगर एनटीए उसे खारिज करता रहा। फिर जब नतीजे आए तो अभूतपूर्व ढंग से सड़सठ विद्यार्थियों को पूरे अंक मिले देखे गए। यह भी तथ्य उजागर हो गया कि कुछ केंद्रों पर ही ऐसे विद्यार्थियों की संख्या अधिक थी। एनटीए दलील देता रहा कि चूंकि जिन विद्यार्थियों को पर्चा मिलने में देर हुई उन्हें कृपांक दिए गए, इसलिए उनके अंक बढ़ गए। मगर इस सवाल का उसके पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं था कि कृपांक देने का उसका आधार क्या था। फिर दबाव बना, तो पंद्रह सौ से अधिक कृपांक पाए विद्यार्थियों की दुबारा परीक्षा ली गई।

इस परीक्षा में करीब चौबीस लाख विद्यार्थी बैठे थे। इसके लिए उन्होंने महीनों कड़ी मेहनत से तैयारी की थी। अगर दुबारा परीक्षा होगी, तो उन्हें फिर से उसी प्रक्रिया से गुजरना होगा। मगर विडंबना है कि न तो एनटीए ने इस मामले को गंभीरता से लिया और न सरकार ने। कहां तो सरकार को यह भरोसा कायम करना चाहिए कि इस तरह की किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में कोई धांधली हो ही नहीं, वह खुद इस पर पर्दा डालने में जुटी रही। अगर वह सचमुच इसे लेकर गंभीर होती, तो मामला सर्वोच्च न्यायालय में जाने ही न पाता। सरकार के इस रवैए से पर्चाफोड़ करने वाले नकल माफिया को प्रश्रय ही मिलेगा और वे काबिल छात्रों की हकमारी कर पैसे के बल पर अयोग्य विद्यार्थियों को चिकित्सा जैसे संवेदनशील महकमे में प्रवेश दिलाते रहेंगे। जब तक सरकार सच्चाई स्वीकार करने का साहस नहीं दिखाती और नकल कराने वालों के खिलाफ गंभीरता से सख्ती नहीं बरतती, तब तक ऐसी समस्याओं से पार पाना कठिन बना रहेगा।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 200 : उत्सव के मध्य रानी कैकेई के कक्ष में अयोध्या का भविष्य संकट में

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



रात धीरे-धीरे गहराने लगी है। आज अयोध्या में उत्सव की रात है। अतः चहुं ओर आनंद ज्योति बिखरी है। चंद्र देव भी अंबर में आकर यह सोच रहे हैं कि यह कैसी अद्भुत नगरी है जहां मेरी कांति को धूमिल करने और मुझे चुनौती देने के लिए एक साथ सहस्त्रों चंद्र जगमगा रहे हैं। कहीं सूर्यदेव ने इस नगरी में अपना आसन तो नहीं जमा लिया है? कहीं सप्त अश्व वाला सूर्य देव का रथ इस नगरी में उतर तो नहीं गया है? कहीं अयोध्या इंद्रदेव की अलकापुरी तो नहीं बन गई है?

अयोध्या में चहुं ओर हर्ष और उल्लास से किसी व्यक्ति की आंखों में नींद नहीं है लेकिन रानी कैकेई के कक्ष में राजा दशरथ अयोध्या के भविष्य का विचार कर विषाद में डूबे हैं और रानी कैकेई अपनी बात मनवा लेने को उतारू हैं। श्री राम और सीता जी श्री हरि विष्णु के मंदिर में संयम व्रत पर हैं। गुरु वशिष्ठ और मंत्री सुमंत जी समेत अन्यलोग अभिषेक की तैयारी में व्यस्त हैं। राजा दशरथ इस विकट स्थिति का अकेले ही सामना कर रहे हैं।

रानी कैकेई के मन में क्या है, यह वही जानें। श्री राम को सबसे अधिक प्रेम करने वाली रानी आज उनका वनवास क्यों मांग रही हैं? क्या वे सचमुच ज्योतिषीय कारणों से अयोध्या के भावी राजा को 14 वर्षों के लिए राजा या युवराज पद ग्रहण करने से वंचित करना चाहती हैं, जिससे उनके प्राणों पर संकट न आए। क्या वे श्रवण कुमार के पिता के श्राप के लागू होने का समय निकट जानकर एक उपाय के रूप में यह सब कर रही हैं? क्या सचमुच अब उनको राज पद का लोभ आ गया है और वे अपने पुत्र भरत के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए उनका राजपद अभिषेक और श्री राम के लिए वनवास मांग रही हैं?

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### आषाढ़

आए हो आषाढ़, साथ में लाओ पानी।
देख रहे हैं राह, छोड़ दो अब मनमानी।।
लालच देकर रोज, कहाँ नीरद उड़ जाते।
दिखते श्यामल मेघ, धरा पर ना बरसाते।।
गड़गड़ की आवाज, हृदय उल्लास जगाते।
बादल का सुन शोर, सभी हैं आस लगाते।।
गिरे जहाँ तो हर्ष, नहीं तो बढ़े उदासी।
बेचारी ये झील, देख लो बैठी प्यासी।।
धरती है लाचार, खण्ड वर्षा है ऐसी।
कहीं फसल भरपूर, कहीं पर बंजर जैसी।।
बरसाओ जल धार, रूठना अब तो छोड़ो।
बाँटो अपना प्रेम, सभी से नाता जोड़ो।।
मानव जैसा रूप, नहीं बिल्कुल अपनाओ।
नहीं बदलना रंग, सही पहचान दिखाओ।।
जोड़े हाथ किसान, कहे तुम नीर गिराओ।
ओ राजा आषाढ़, जरा हरियाली लाओ।।




प्रिया देवांगन 'प्रियू'
राजिम जिला - गरियाबंद

## शब्द सामर्थ्य -113

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 112 का हल**



## सू- दोकू क्र.113



**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.112 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |



## सामयिक चर्चा

# कुलदीप का विचार अच्छा है!

आज 'पहला कालम'...
खबर पढ़कर,
बानी बोले - ''गजाधर !
टीम इण्डिया को
2024 टी-20 वर्ल्डकप का
खिताब जितवाने में
अहम भूमिका निभाने वाले
कुलदीप यादव ने फैन्स को
बड़ी खुशखबरी देते हुए कहा
वह जल्दी ही अपनी शादी की खबर देंगे
फिर उन्होंने खुलासा किया कि अकसर
क्रिकेटर्स बालीवुड एक्ट्रेस से
शादी किया करते हैं
पर वे किसी एक्ट्रेस से शादी नहीं करेंगे ।''
गजाधर! क्या आप हमें
बता सकते हैं,
कि कुलदीप एक्ट्रेस से
शादी करने में क्यों परहेज करते हैं ?''
गजाधर मुस्कुराए, बोले -
''बानी ! आपने जो पूछा है सवाल,
उसका उत्तर कुलदीप ने खुद दिया है
कि फिल्म एक्ट्रेस नहीं होगी
उनकी पत्नी, क्योंकि यह
जरूरी है कि वह मेरी और
परिवार की कर सके
ठीक-ठीक सही देखभाल।



- गिरीश बख्शी

## कविता



### भुइयाँ हरिया जाही

असाढ़ सावन के बरसा मा,
भुइयाँ के सुसी बुता जाही।
सुख्खा ढोरगी नदिया नरवा म,
धार गजब के बोहा जाही।
चारो मुड़ा म जागही बिज हा,
भुइयाँ हर तको हरिया जाही।
रुख - राई ,झाड़ झरोखा मन,
नवा - नवा पान उल्हो आही ।
टेटेका मेंचका सांप घलो मन,
पानी मा डूबक डूबक नहाही।
झिंगरा, फाँफा ,कीरा मन हर,
मगन होके गीत सब गाही।
राजा कीरा असाढ़ के बरसा,
गहिरीन सावन के ला बताही।
जंगल मा रहइया जनावर मन
येती - वोती बड़ मेंछराही ।
किसान के होही आनंद मंगल,
जिनगी ल अपन सहूँराही ।
रूंधना बंधना, कमरा खुमरी,
चौमास के जोरा ला लगाही।
काँदी - कचरा निंदई कोड़ई ,
खेतखार ला सुघ्घर चतराही।
भुइयाँ के जतन करइया बेटा,
माटी ल मितान वो बनाही ।
कोंटा - कांटी ला चतवार के ,
टेपरी डोली म धान उगाही।
तोरई,कुम्हड़ा,सेमी, बरबट्टी,
बारी म गा ओरे ओर लगाही।
चेंच, चरोटा, खोटनी,भाजी ,
संग भात ल सान के खाही।
लइका- सियान जुरमिल के,
अपन - अपन फरज निभाही।
करमा सुवा ददरिया संग मा,
खेतखार हर झुमर जाही।
हरियर हरियर सजे भुइयाँ ले,
मन तको अब हरिया जाही।



मदन मंडावी
ढारा, डोंगरगढ़ (छ.ग.)

## राशिफल

**मेष** — आज आप अपने दिन की शुरुआत किसी गरीब की मदद करके करेंगे। आज आपके घर में कोई धार्मिक अनुष्ठान होने से घर में भक्ति भावना का माहौल बना रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज दूर होंगी। स्किन प्रॉब्लम से परेशान लोग आज अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। भाई-बहनों से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** — आज आपके सोचे हुए सभी काम पूरे हो जायेंगे। आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके लिए बहुत-सी चीजें आज फायदेमंद हो सकती हैं। आप किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते है। विवाहितों के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपको अपने जीवनसाथी से पूरा सपोर्ट मिलेगा।

**कर्क** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला हैं। जरूरत से ज्यादा सोचने के कारण आपको सिर दर्द की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। व्यापार में आपकी मुलाकात तजुर्बेदार लोगों से होगी, उनसे व्यापार से जुडी जानकारी मिलेगी। आपके रिश्ते में मिठास बढ़ेगी।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा। किसी काम में की गई मेहनत जरूर सफल होगी। नए व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा आज फायदेमंद रहेगी।

**कन्या** — आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। आपके ज्यादा क्रोध से कोई बना हुआ काम बिगड़ भी सकता है, इसलिए आपको अपने गुस्से पर पूरा कण्ट्रोल रखना चाहिए। आपको योगा करना चाहिए।

**तुला** — आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है, आज आप जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी। जो लोग सरकारी नौकरी से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहने वाला है। लंबे समय से प्रमोशन में आ रही रुकावट आज दूर होगी। ऑफिस में कलीग का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — आज अपने काम के लिए आपके मन में कोई नया विचार आ सकता है। आप उस पर जल्द ही काम भी शुरू कर सकते हैं। लेकिन आज दिन खत्म होते-होते आपको ऐसा लग सकता है कि आपका कोई काम पूरा नहीं हो पाया है, जिससे आपको कुछ तनाव महसूस हो सकता है।

**धनु** — आज खुद की मेहनत से आप परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने में कामयाब होंगे। आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम में आज आपको सफलता मिल सकती है। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आपके काम को लेकर बॉस आपकी प्रशंसा कर सकते हैं।

**मकर** — आज आपका दिन बीते दिनों की तुलना में बढ़िया रहने वाला है। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहिए। आज आपको ध्यान से अपना काम करने की जरूरत है। आप किसी सामाजिक कार्य में अपना हाथ बंटा सकते हैं। उचित दिशा में मेहनत से आपको सफलता जरूर मिलेगी।

**कुंभ** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी अधूरे काम में आज हाथ लगाने से वह जल्द ही पूरा हो सकता है। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। कार्यक्षेत्र में बढ़ोत्तरी के लिए आपको नया मौका मिल सकता है। इस राशि के छात्र अगर योजना बनाकर तैयारी करेंगे, तो करियर में उन्नति के अच्छे रास्ते खुल सकते हैं।

**मीन** — आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी से बात करते समय आपको विनम्र स्वभाव का प्रयोग करना चाहिए। इससे लोगों पर आपका प्रभाव पड़ेगा। अगर आप बिल्डर हैं, तो आज आपको बहुत ही सोच-समझ कर निवेश करना चाहिए।

# वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम : स्काउट/गाइड ने रोपे पौधे एवं संरक्षण की ली शपथ



डोंगरगांव (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के डॉ सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त एवं कैलाश सोनी राज्य सचिव के निर्देशानुसार 7 जुलाई 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिले में एक साथ वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम स्काउट गाइड के द्वारा किए जाने तारतम्य में धनीराम साहू शा.उ.मा. शाला किसान अर्जुनी विकास खंड डोंगरगांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम राजेन्द्र गोलछा राज्य उपाध्यक्ष स्काउट/गाइड छत्तीसगढ़ दिनेश गाँधी संरक्षक स्थानीय संघ डोंगरगांव स्काउट/गाइड एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अभय कुमार जायसवाल जी जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट राजनांदगांव के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि टामेश साहू, टोमन साहू अध्यक्ष स्थानीय संघ डोंगरगांव, श्रीमती द्रौपदी साहू सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी, हरिचरण सोनी उपसरपंच, आर.एल. पात्रे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पदेन सहायक जिला आयुक्त स्काउट श्रीमती विभा पाण्डे प्राचार्य किसान अर्जुनी के मंच में शोभायमान रहे।एवं स्काउटर/गाइडर, स्काउट/गाइड के साथ मिलकर शाला परिसर में 50 पौधों का रोपण किया गया। मंचीय कार्यक्रम माँ सरस्वती की आराधना कर स्काउट प्रार्थना कर प्रारंभ किया गया।

स्वागत उद्बोधन में आर एल पात्रे विकासखंड शिक्षा अधिकारी पदेन सहायक जिला आयुक्त स्काउट अतिथि स्वागत करते हुए जीवन मे पेड़ पौधों के महत्व से स्काउट गाइड सहित सभी को परिचय कराया। कार्यक्रम के अध्यक्ष टोमन साहू एवं विभिन्न अतिथियों ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए। भूमिगत जल स्त्रोतों के निचले स्तर की गंभीरता से विचार करते हुए मानव जीवन के भविष्य को संरक्षित करने वर्तमान पीढ़ी को पौधों वृक्षों को लगाने एवं संरक्षण पर बल दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 01 पेड़ माँ के नाम का तहत अपने घर या आसपास भी 01 पेड़ लगाने एवं अपनी माँ को उपहार स्वरूप जीवन भर संरक्षित करने की बात कही। संस्था के विजय साहू प्रकृति प्रेमी ने अंत मे सभी को पर्यावरण संरक्षण पेड़ पौधे संरक्षण एवं उनके सेवा की शपथ दिलाई। रमेश चौधरी वरिष्ठ व्याख्याता का अतुलनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के दौरान वनमंडल अधिकारी आयुष जैन के सहयोग एवं निःशुल्क पौधे की उपलब्ध कराने से अवगत कराते हुए उन्हें साधुवाद दिया। आभार प्रदर्शन संस्था प्रमुख श्रीमती विभा पाण्डे जी ने किया।

इस कार्यक्रम में देवेंद्र अम्बादे जिला सचिव ने मंच संचालन किया एवं मयूख श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त स्काउट विकासखण्ड सचिव स्काउट गाइड टोमन पटेल डोंगरगांव, नीरेंद्र नीलम साहू, कु. अंजलि वैदय, रूपधर राणा, दिनेश साहू, नारद भुआर्य, महेश ठाकुर, सुश्री सीता सोरी, लोकेश्वरी भंडारी, भारती साहू, भूपेश यदु, भोजराज देवांगन, विकास कुंजाम की सक्रिय भूमिका रही एवं विकासखंड डोंगरगांव के शास. उच्च. मा.वि. डोंगरगांव मोहड़ अर्जुनी खुज्जी मनेरी बीजेभाठा धौराभाठा जंगलपुर खुर्शीपार, सोनेसरार के स्काउट/गाइडर, रोवर रेंजर सम्मिलित हुए।

# 32 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्व पटवारी संघ ने शुरु की अनिश्चितकालीन हड़ताल



खैरागढ़ (दावा)। जिला मुख्यालय खैरागढ़ के अम्बेडकर चौक में 32 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्व पटवारी संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर सारंगढ़-बिलाईगढ़ कलेक्टर द्वारा पटवारी उमेश कुमार पटेल को खसरा विलोपन एवं डिजिटल हस्ताक्षर हटाने के आरोप में निलंबित किया गया है जिसके विरोध में राजस्व पटवारी संघ द्वारा एवं 32 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे हैं।

संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कांडे ने कहा वर्तमान में पटवारी आईडी में संशोधन एवं विलोपन का विकल्प मौजूद नहीं हैं। साथ ही डिजिटल हस्ताक्षर हटाने का कोई विकल्प मौजूद नहीं है उसके बावजूद भी हमारे पटवारी साथी उमेश कुमार पटेल को निलंबित किया गया है, जिसका राजस्व पटवारी संघ घोर निंदा करता है साथ ही प्रशासन से न्याय की उम्मीद करते हैं। तत्काल उमेश कुमार पटेल का निलंबन आदेश निरस्त करने की मांग करते हैं। श्री कांडे ने आगे कहा भुइंया सॉफ्टवेयर में उपरोक्त विसंगतियों के कारण एक ओर जहां पटवारियों को कार्य करने में परेशानी हो रही है वहीं दूसरी ओर खाताधारकों को, भूस्वामियों को और कृषकों को अनावश्यक न्यायालयीन कार्यवाही का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन से निवेदन करते हैं, खाताधारकों (कृषकों) के हित में सॉफ्टवेयर में अनावश्यक सुधार करवाने, जिससे प्रदेश के खाताधारक (कृषक) के दृष्टि में राजस्व विभाग की छवि धूमिल न हों तथा पटवारियों को भी अनावश्यक दबाव का सामना न करना पड़े। भूइंया सॉफ्टवेयर में किये जा रहे नये-नये प्रयोग से किसानों की समस्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। जिसका जिम्मेदार पटवारियों को माना जा रहा है। भुइंया सॉफ्टवेयर में जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदारी तय की जाये तथा दोषियों पर कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये एवं पटवारियों को प्रताड़ित करने बजाय पटवारियों का पद ही समाप्त कर दिया जाये। हमारी 32 सूत्रीय मांग की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने को बाध्य होंगे, जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# पहला कॉलम...

## रेडियो संगवारी एफएम 90.8 के जनसंवाद कार्यक्रम में सांसद संतोष पाडे

### आज कार्यक्रम का प्रसारण



राजनांदगांव (दावा)। जिले का सबसे लोकप्रिय, रेडियो संगवारी एफएम 90.8 के जनसंवाद कार्यक्रम का प्रसारण आज राजनांदगांव लोकसभा के दूसरी बार सांसद के रूप में निर्वाचित संतोष पांडे जन संवाद के कार्यक्रम के अथिति रहे हैं। जिनसे अनेकों विषय को लेकर लंबी चर्चा की गई है राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के बारे में और छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर उनकी परिकल्पना क्या है और में क्या कर रहे हैं और क्या करना चाह रहे हैं इसको लेकर उनसे की गई बातचीत उम्दा है। इसी कार्यक्रम का प्रसारण प्रातः 11 बजे और संध्या 7.00 बजे किया जायेगा श्रोताओं से अनुरोध है कि वह रेडियो संगवारी के ऐप को डाउनलोड करके अपने मोबाइल में भी कार्यक्रमों का लुफ्त उठा सकते हैं।

## अभाविप के 76वां वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रानी रश्मिदेवी महाविद्यालय में पौधारोपण



खैरागढ़(दावा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 76वें वर्षगांठ के उपलक्ष में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खैरागढ़ इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नगर कार्यवाहक प्रदीप सिंह, विद्या भारती जिला समन्वयक श्रीराम यादव, सांसद प्रतिनिधि भगवत शरण सिंह, हर्ष वर्मा, बजरंग दल नगर संयोजक शिवम ताम्रकार, अमन पटवा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गुलशन भगत, नगर मंत्री शाश्वत सिंह, नगर सह मंत्री महेश पटेल, नगर सह मंत्री जितेश बिसेन, नगर सह मंत्री चांदनी यादव नगर कार्यालय मंत्री राजहंस वर्मा, सह कार्यालय मंत्री मनीष पटेल, एसएफडी प्रमुख ऋतिक कांडर, नगर कार्यकारिणी अनमोल सिंह, आशीष वर्मा, हर्ष वर्मा, विनय साहु, सुजल, चिंटू, करण, रेड्डी, श्याम यादव, विक्की देवांगन, अपूर्व बक्शी, हर्ष राजपूत, पियूष यदु, सूर्यकांत वर्मा, विजय चंदेल महाविद्यालय परिसर के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी सहायिका हेतु 3 पदों पर होगी भर्ती, आवेदन 23 जुलाई तक

खैरागढ़ (दावा)। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना खैरागढ़ के अंतर्गत, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न पदों के लिए भर्ती की जाएगी। इस परियोजना के अंतर्गत, आंगनबाड़ी सहायिका के 3 पद रिक्त हैं इन पदों के लिए आवेदन 09 जुलाई से 23 जुलाई तक संध्या 5 बजे तक एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना खैरागढ़ में किए जा सकते हैं। आवेदन प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि के बाद के आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन को स्वयं कार्यालय परियोजना अधिकारी, के पास जमा कर सकते हैं या डाक द्वारा प्रेषित कर सकते हैं।

## अम्बागढ़ चौकी जामा मस्जिद के मुस्लिम जमात का किया गया गठन





अंबागढ़ चौकी(दावा)। विगत दिनों मुस्लिम जमात की आम बैठक संपन्न हुई। जिसमें अब्दुल रफीक खान अधिवक्ता को मुस्लिम जमात अंबागढ़ चौकी का तीसरी बार सर्वसम्मति से सदर चुना गया, नायब सदर शेख अनीष कुरैशी, सचिव मिर्जा अब्दुल रज्जाक बेग को बनाया गया तथा कार्यकारिणी में 11 अन्य सदस्यों का चयन किया गया। उक्त बैठक में मुस्लिम जमात अंबागढ़ चौकी के बेहतर कार्य एवं मजबूती के लिए कार्य करने का निर्णय लिया गया समाज के प्रमुख हाजी सलीम तिगाला, रहमानी, हाजी इमरान बेग, सोफू जिलानी,बशीर जिलानी, रियाजुद्दीन (राजू) कुरैशी, समीमुद्दीन (शम्मी) कुरैशी, शोएब कुरैशी, अजहर अली, जावेद अहमद, कलीम रज़ा, नासिर रज़ा, इशराइल, रईस भाई, तौहीद, जुनैद खान, अध्यक्ष यंग कमेटी जावेद खान, सुबरात खान, अतीक भाई, अमन कुरैशी, जावेद शेख, गफ्फर, सिराज, बाबा, फिरोज, गुलाम नबी, सलामु भाई अजहरुद्दीन, नफिस खान, नदीम खान,जमात के सभी सदस्यों ने पदाधिकारियों को मुबारकबाद दी।

# साकेत साहित्य परिषद के ओमप्रकाश साहू अंकुर अध्यक्ष बने




**० राजकुमार चौधरी सचिव और सचिन निषाद कोषाध्यक्ष मनोनीत**
**० संतू राम गंजीर और पवन यादव पहुना उपाध्यक्ष बने**

सुरगी/राजनांदगांव (दावा)। 25 वर्ष से संचालित संस्था साकेत साहित्य परिषद सुरगी के पदाधिकारी का चुनाव संस्था के संरक्षक, वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर सिंह साहू और वीरेंद्र तिवारी वीरू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस विशेष बैठक में सर्वसम्मति से साहित्यकार ओम प्रकाश साहू अंकुर को अध्यक्ष बनाया गया। वे साकेत के तीसरी बार अध्यक्ष बने है।

इसी प्रकार सचिव पद पर गजलकार, व्यंग्यकार, राजकुमार चौधरी रौना और कोषाध्यक्ष पद पर कवि, लोककला धर्मी सचिन निषाद को मनोनीत किया गया। अन्य पदाधिकारियों में संरक्षक वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर सिंह, वरिष्ठ गीतकार प्यारेलाल देशमुख, वरिष्ठ साहित्यकार, कवि वीरेंद्र तिवारी वीरू उपाध्यक्ष द्वय चिरपरिचित कवि संतू राम गंजीर, एवं पवन यादव पहुना, मीडिया प्रभारी कुलेश्वर दास साहू, सहसचिव युवा कवि, लोक गायक डोहर दास साहू को बनाया गया है. सदस्यों में महेंद्र कुमार बघेल मधु, लखनलाल साहू लहर, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, कैलाश साहू कुंवारा, फागू दास कोसले, धर्मेंद्र पारख मीत, दिलीप साहू अमृत, मानसिंह ठाकुर, नंदकिशोर साव नीरव, फकीर प्रसाद साहू फक्कड़, भूखन वर्मा, आनंदराम सार्वा, रोशनलाल साहू, मदन मंडावी, भूपेंद्र कुमार साहू सृजन, भूपेंद्र कुमार साहू प्रभात, बलराम सिन्हा,शिव प्रसाद लहरे, याद दास साहू, हिपेन्द्र साहू, रूपल साहू सम्मिलित है। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को वरिष्ठ साहित्यकार, संस्था के संरक्षक कुबेर सिंह साहू और वरिष्ठ साहित्यकार, कवि वीरेन्द्र कुमार तिवारी वीरू ने शपथ दिलाई। पूर्व अध्यक्ष लखन लाल साहू लहर सहित सभी सदस्यों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सभी सदस्यों ने पूर्व अध्यक्ष लखनलाल साहू लहर के योगदान की प्रशंसा की।

नवनियुक्त अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर ने सभी सदस्यों के सहयोग से साकेत को आगे बढ़ाने का आश्वासन देते हुए सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया। द्वितीय दौर में वीरेंद्र तिवारी के संचालन में सभी रचनाकारों ने विभिन्न रसों से ओतप्रोत रचनाएं पढ़ी। कवियों ने आषाढ़, मौसम की बेरुखी, गजल,श्रृंगार रस से परिपूर्ण, मां को समर्पित रचना, भारतमाता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के गुणगान, हास्य व्यंग रचना, पाखंड, बेईमानी, भ्रष्टाचार पर करारा व्यंग्य, गरीब वर्ग एवं आम जनता की पीड़ा को अपनी रचनाओं के माध्यम से सामने लाया एवं सुधारात्मक संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र तिवारी और आभार व्यक्त सहसचिव डोहर दास साहू ने किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कुलेश्वर दास साहू ने दी है।

# सरकारी कर्मचारी सरकार को बदनाम करने की कोशिश न करें- कांता साहू



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के छुरिया ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विगत दिनों जो घटना घटी है, वह बेहद शर्मनाक है। युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कांता साहू ने ब्लॉक मुख्यालय के सभी विभागों के कर्मचारियों को हिदायत देते हुए कहा कि कर्मचारी अपने कार्यालयीन समय सारणी का ध्यान रखें सरकार को बदनाम करने की कोशिश न करें।

युवा भाजपा नेता कांता साहू ने आगे कहा कि छुरिया ब्लाक के ग्राम आटरा निवासी जो की गत दिवस जंगली सूअर के हमले से घायल हुआ था जिसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया लाया गया। किंतु अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मचारी की अनुपस्थिति बहुत ही शर्मनाक है। डॉक्टर की ड्यूटी समय में अनुपस्थित होना ड्यूटी के प्रति घोर लापरवाही को दर्शाता है। डॉक्टर अगर समय पर इलाज किए होते तो शायद मरीज आज हमारे बीच होते। हमारी सरकार की सोच समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है।

युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कांता साहू ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को कड़े शब्दों में हिदायत दी की इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो।

# कांग्रेस का बिजली बढ़ोतरी पर प्रदर्शन : भाजपा सरकार की नीतियों को बताया गलत




**कांग्रेसी बोले - जनता और किसान परेशान**

खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर बिजली दर में बढ़ोतरी होने पर कांग्रेस ने सभी जिलों के ब्लाक मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। एक दिवसीय धरने पर बैठे कांग्रेसियों ने विरोध करते हुए कहा कि, भाजपा सरकार को अघोषित बिजली कटौती बंद की जाए और इसका समाधान जल्द से जल्द निकाला जाए। इसी कड़ी में खैरागढ़ जिले में भी कांग्रेसी कार्यकर्ता सभी ब्लाक मुख्यालय में धरना देने बैठे। कांग्रेसियों का साफ तौर पर कहना है कि, भाजपा सरकार की गलत नीतियों की वजह से राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में वृद्धि की गई है। प्रदेश भर में हर बार अघोषित विद्युत कटौती से आम जनता और किसान परेशान है। ऐसे में लोगों पर महंगाई की मार पड़ रहा है।

0 आम जनता को राहत देने की मांग

कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन के माध्यम से भाजपा सरकार की तरफ से बढ़ाई गई विद्युत दर को वापस लिए जाने और प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती बंद करने की मांग की है। वहीं प्रदेश की आम जनता और किसानों को राहत देने की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। उक्त धरना प्रदर्शन में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भीखम छाजेड़, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आकाश दीप सिंह गोल्डी, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, जिला पंचायत सदस्य विप्लव साहू, जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा, उत्तम जंघेल, शरद रजक, रिंक्कू गुप्ता, दीपक देवांगन, संत निषाद, सत्य वान वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, ओम साहू, कोमल वर्मा, संत निषाद, ओम साहू, भगबली बंसोड़, बलदेव वर्मा, रतन सिंगी, रविन्द्र सिंह गुड्डा, रामकुमार जांगड़े, सुहैल खान रानू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# विधानसभा स्तरीय मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन

**मतदाताओं का आभार व्यक्त किया सांसद श्री पांडे न**




डोंगरगढ़(दावा)। कृषि उपज मंडी प्रांगण में 09 जुलाई दिन मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी डोंगरगढ़ में डोंगरगढ़ विधानसभा स्तरीय मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय, भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, विधानसभा प्रभारी सुरेंदर सिंह बन्नोआना, सहकारिता नेता शशिकांत द्विवेदी, जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमति किरण साहू, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, हरविंदर सिंह मंगे, राजेश श्यामकर, राजनांदगांव जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी, बिसेशर साहू, शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम, घुमका मंडल अध्यक्ष जागेश्वर साहू, पांडादाह मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगड़, डोंगरगढ़ शहर महामंत्री राकेश अग्रवाल, संतोष राव, कचरू राम साहू, लखन जंघेल, परदेशी सोनबोईर, नरेंद्र वर्मा आदि लगभग 1000 से अधिक कार्यकर्ता एवं मतदाता उपस्थित थे।

# सरपंच संघ छुरिया ने ज्ञापन सौंपकर दी आंदोलन की चेतावनी

**लम्बित निर्माण की राशि जल्द दिलाने की उठी मांग**



छुरिया (दावा)। त्रिस्तरीय पंचायती राज अंतर्गत सत्र 2020 से 25 तक के कार्यकाल में बने सरपंचों की समस्या पिछले 4 वर्षों से कम नहीं हो रही है। 2020-21 में कोरोना की मार पड़ा उसके पश्चात विकास कार्यों को आगे ले जाने का कोशिश किया किंतु शासन प्रशासन द्वारा सही समय पर भुगतान नहीं हो पाने की समस्या से आज तक जूझ रही है।

जिले के ग्राम पंचायतों में विभिन्न समस्याएं उत्पन्न हो रही है। जिससे ग्राम पंचायत में विकास कार्य अवरुद्ध हो गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी शासन द्वारा राशि भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे सरपंच कर्ज के तले डूबे हुए हैं। ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन पानी टंकी निर्माण कार्य पिछले 2 वर्षों से अपूर्ण है तथा ठेकेदार कार्य बंद कर दिए हैं जिसके कारण ग्राम पंचायत में ग्राम सभाओं एवं पंचायत बैठकों में ग्रामीण व पंचगण के साथ अक्सर सरपंचों की विवाद की स्थिति बनी रहती है जिसका सरपंच भी किसी प्रकार से जवाब नहीं दे पाते।

मनरेगा सॉफ्टवेयर में कुछ वेंडर का खाता अपडेट नहीं है खाता अपडेट नहीं होने के कारण राशि का हस्ताक्षरतरण की समस्या बनी हुई है उक्त संबंध में सरपंचों के द्वारा तथा जनपद पंचायत के द्वारा जिला पंचायत एवं उच्च अधिकारी को पत्र जारी किया गया है किंतु अब तक खाता अपडेट नहीं होने के कारण भुगतान कि समस्या बनी हुई है। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान मद से विभिन्न ग्राम पंचायत भवन मरम्मत की स्वीकृति हुई थी कार्य एजेंसी सरपंचों के द्वारा समस्त ग्राम पंचायत का मरम्मत पिछले 2 वर्षों से पूर्ण कर लिया गया है अब उक्त भुगतान की राशि योजना बंद हो जाने की स्थिति में नहीं आ पा रही है। जिससे कर्ज की समस्या से सरपंच लोग झेल रहे हैं ग्राम पंचायत में अलग-अलग मद से अनेकों कार्य चल रहे हैं किंतु निर्माण कार्यों का राशि समय पर भुगतान नहीं होने के कारण निर्माण कार्य की गति में विराम हो गया है। विभिन्न ग्राम पंचायत में सोलर लाइट स्थापना का कार्य कि स्विकृति मिली है किंतु कार्य पूर्ण होने के दो-तीन वर्ष उपरांत भी मूल्यांकन एवं सत्यापन नहीं किए जाने के कारण आज पर्यंत तक उक्त निर्माण कार्यों का भुगतान में समस्या बनी हुई है निर्माण कार्य प्रारंभ होने के बाद भी कार्य एजेंसी को 40 प्रतिशत की राशि नहीं मिल पाने के कारण निर्माण एवं विकास कार्यों में समस्या हो रही है कार्यों की स्वीकृति उपरांत संपूर्ण राशि संबंधित पंचायत के जनपद पंचायत में भेजने से संभवत उक्त समस्याओं से निजात पाया जा सकता है। उक्त सभी निर्माण कार्य विभिन्न मद जैसे जिला पंचायत विकास निधि व 15 वित्त विकास निधि, जनपद पंचायत विकास निधि व 15 वित्त विकास निधि, मनरेगा, डीएमएफ, एलडब्ल्यूई, विधायक निधि, सांसद निधि, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना निधि, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना निधि एवं अन्य मदों से राशि की भुगतान निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के महीनों दिन बीत जाने पर भी भुगतान की समस्या बनी हुई है। सरपंच मटेरीयल सप्लायरों से एक निश्चित दिन तक समस्त मटेरीयल का भुगतान समय पर करने की बात कर सामग्री खरीदते हैं, निर्माण एवं विकास कार्य को तेजी से करने का प्रयास करते हैं, किंतु समय पर शासन द्वारा भुगतान नहीं होने पर सरपंचों को कर्ज कर मटेरियल सप्लायर को राशि भुगतान करना पड़ता है, किंतु महीनो बीत जाने पर भी राशि नहीं मिलने पर सरपंचों को कर्ज का बोझ सहना पड़ रहा है जिला एवं जनपद पंचायत द्वारा ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का बार-बार मौखिक दबाव एवं कार्यों की समीक्षा किया जाता है तथा जल्द कार्य करवाने के लिए बार-बार मॉनिटरिंग किया जाता है और अन्य मद के राशि को भी उक्त कार्यों को करवाने के लिए बाध्य करते हुए राशि को रोका जाता है। किंतु राशि भुगतान पर उक्त कार्यालय द्वारा बार-बार पत्र एवं मांग पत्र भेजने पर भी राशि भुगतान नहीं किया जाता।

उक्त सभी समस्याओं को देखते हुए आज सरपंच संघ राजनांदगांव के द्वारा सांसद संतोष पांडे, गीता घासी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, कलेक्टर जिला राजनांदगांव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव को ज्ञापन सौपा और उक्त समस्याओं को देखते हुए जल्द से जल्द राशि भुगतान नहीं होने की स्थिति में एवं पानी टंकी का कार्य पुनः प्रगति पर व पूर्ण नहीं होने पर सरपंच संघ के द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी दिया गया है। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। धर्मेंद्र साहू जिला अध्यक्ष सरपंच संघ राजनांदगांव के साथ-साथ सारिका मनीष जैन, दुर्गा महानदीया, आतिश कुमार सिन्हा, कोमिका प्रताप घावड़े, दिनेश ठाकुर, भुवनेश्वर चंद्रवंशी, प्रीतम साहू, संगीता भुआर्य एवम जिले के विभिन्न सरपंचगण उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## पुलिस अधिकारी की गाड़ी पर हमला, दो बच्चों सहित तीन की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक पुलिस अधिकारी और दो बच्चों की हत्या कर दी। इस घटना की जानकारी पुलिस के हवाले से सामने आई है। यह घटना खैबर पख्तूनख्वा के अशांत लक्की मरवात जिले में हुई जब बाइक सवार बंदूकधारियों ने पुलिस अधिकारी की कार पर हमला कर दिया। इस दौरान कार में सवार दो महिलाएं बच गईं। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अधिकारी का परिवार इलाज के लिए पेशावर जा रहा था, तभी बंदूकधारियों ने कुर्रम टोल प्लाजा के पास चलती गाड़ी पर गोलीबारी की घटना के बाद 1122 पर फोन किया गया। जिसके बाद बचाव दल ने शवों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। मामले में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। मामले की जांच जारी है।

## न्यूज चैनल्स की सबसे बड़ी संस्था एनबीडीए के अध्यक्ष चुने गए रजत शर्मा

नई दिल्ली। इंडिया टीवी के चेयरमैन एवं एडिटर-इन-चीफ रजत



शर्मा को न्यूज चैनल्स की सबसे बड़ी संस्था एनबीडीए का अध्यक्ष चुना गया है। एनबीडीए (द न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन) भारत में समाचार प्रसारकों का सबसे बड़ा संगठन है, जिसमें लगभग सभी प्रमुख समाचार नेटवर्क शामिल हैं।

आज आयोजित एनबीडीए की बोर्ड बैठक के दौरान सर्वसम्मति से चुनाव हुआ। आज बैठक में आज तक, टीवी टुडे, नेटवर्क टीवी 18, ज़ी न्यूज़, एनडीटीवी, सन टीवी, न्यूज़ 24, ईटीवी और मातृभूमि उपस्थित रहे। एनबीडीए को संबोधित करते हुए, रजत शर्मा ने आज समाचार प्रसारकों के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, %समाचार प्रसारण उद्योग को बदनाम करने का एक केंद्रित प्रयास किया जा रहा है। समाचार प्रसारकों पर लगातार हमला करने के लिए डिजिटल मीडिया के एक वर्ग का दुरुपयोग किया जा रहा है। हमें इस खतरे से लड़ने के लिए मिलकर काम करना होगा।

## ट्रक-कार में टक्कर, तीन की मौत

नई दिल्ली। हरियाणा के कुरुक्षेत्र से एक दुखद सड़क हादसे की खबर सामने आई है। कुरुक्षेत्र में एक ट्रक ओर कार में भीषण टक्कर हो गई। टोक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में आग लग गई। कार में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना कुरुक्षेत्र जिले में पिहोवा के पास की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार रात की है। उन्होंने बताया कि मृतकों की उम्र 20 से 22 वर्ष बताई जा रही है। पिहोवा पुलिस थाने के प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि चारों युवक जब परीक्षा देने के लिए चंडीगढ़ जा रहे थे तभी पिहोवा-कुरुक्षेत्र मार्ग पर उनकी कार को पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिसके बाद कार में आग लग गई। तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना स्थल पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने एक युवक को वाहन से बाहर निकाल लिया जिसकी पहचान आशीष के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक राजस्थान के पिलानी और हरियाणा के रोहतक के रहने वाले थे। कुरुक्षेत्र के एक निजी अस्पताल में आशीष का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही और मृतकों तथा घायल के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

## शेयर बाजार में आयी तेजी

मुंबई। मंगलवार को शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांकों में तेजी देखी गई। ऑटो और फार्मा शेयरों की अगुवाई में सेंसेक्स फिर से 80,000 का आंकड़ा पार कर गया। मंगलवार सुबह के कारोबार में 200 से अधिक अंकों की बढ़त दर्ज की गई। उधर एनएसई निफ्टी 47 अंकों की बढ़त के साथ 24,368 पर कारोबार कर रहा था। विश्लेषकों के अनुसार, बाजार का ध्यान अब वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के नतीजों पर है।

ऑटो इंडेक्स सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला रहा, जिसमें एक प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई, जबकि इस सप्ताह आईटी शेयरों में गिरावट आई। चॉइस ब्रोकिंग के मंदार भोजने ने कहा, बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। ट्रेलिंग स्टॉप-लॉस के साथ अपनी पोजीशन बनाए रखें। गिरावट पर खरीदारी का मौका होगा। कुल मिलाकर रुझान तेजी का बना हुआ है। आम चुनाव के बाद शानदार तेजी और रिकवरी के बाद इस सप्ताह बाजारों में और मजबूती आने की संभावना है।

# वर्ल्ड चैंपियंस ऑफ लीजेंड्स 2024 : भारत को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम

नई दिल्ली। भारत चैंपियंस बनाम ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस के बीच वर्ल्ड चैंपियंस ऑफ लीजेंड्स 2024 का 11वां मुकाबला खेला गया। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस ने भारत चैंपियंस को 23 रन सो धूल चटाई। इस मैच में टॉस जीतकर भारत चैंपियंस ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बैटिंग करते हुए ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 199 रन बनाए।



कंगारू टीम की तरफ से शॉन मार्श और डैन क्रिश्चियन बल्ला गरजा। इसके जवाब में भारत चैंपियंस की टीम निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 176 रन ही बना सकी और ये मुकाबला भारत ने 23 रन से गंवा दिया। वहीं, जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस की टीम ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 के सेमीफाइनल में एंट्री मारी। दरअसल, मैच में पहले बैटिंग करते हुए ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस की तरफ से शॉन मार्श ने 27 गेंदों का सामना करते हुए 7 चौके और 1 छक्के की मदद से 41 रन बनाए। आरोन फिंच का बल्ला खामोश रहा। उन्होंने 10 गेंदों का सामना करते हुए 7 रन ही बनाए।

बेन डक के बल्ले से 17 रन निकले। कैलम फर्ग्यूसन 22 गेंदों का सामना करते हुए 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे। डैरेन क्रिश्चेयन का बल्ला जमकर गरजा, जिन्होंने 33 गेंदों का सामना करते हुए 69 रन की पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 209 का रहा। उनके अलावा बेन कटिंग ने नाबाद 24 रन की पारी खेली।

इसके जवाब में 200 रन का पीछा करने उतरी भारत चैंपियंस की टीम की शुरुआत खराब रही। रोबिन उथप्पा ने 9 गेंद का सामना करते हुए 12 रन बनाए। इरफान पठान ने 7 गेंदों का सामना करते हुए 9 रन बनाए। सुरेश रैना ने 12 रन की पारी खेली। युवराज सिंह ने 18 गेंदों का सामना करते हुए 19 रन बनाए। युसुफ पठान ने 78 रन बनाए, जिसमें 11चौके और 1 छक्का जड़ा।

# महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुनी गई स्मृति मंधाना

नई दिल्ली। अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर टीम इंडिया को वनडे और टेस्ट मैचों में जीत दिलाने वाली भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को आईसीसी की ओर से जून महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। स्मृति मंधाना ने जून में भारत के दौरे पर आई साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। भारत की महिला टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इस सीरीज के पहले मैच में 117 रन, दूसरे मैच में 136 रन और तीसरे मैच में 90 रन बनाए थे। स्मृति मंधाना ढ्ष्ष्ट के इस अवॉर्ड के लिए सितंबर-2022 में भी नामित हो चुकी थी, लेकिन तब उन्हें अवॉर्ड नहीं मिल सका था।

आईसीसी की ओर ये अवॉर्ड जीतने के बाद भारत की दिग्गज महिला खिलाड़ी स्मृति मंधाना ने



कहा कि मुझे जून माह के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर बहुत खुशी है। मुझे लगता है कि टीम ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है उससे मैं बहुत खुश हूं और मुझे खुशी है कि हमने वनडे और टेस्ट सीरीज जीतकर टीम के लिए योगदान दिया। उम्मीद है कि हम अपना फॉर्म जारी रख सकेंगे और मैं भारत के लिए मैच जीतने में और भी योगदान दे सकूंगी। मैं इसी तरह अपना काम जारी रखना चाहती हूं और टीम की सफलता में और योगदान देना चाहती हूं।

# गौतम गंभीर बने भारत के नए हेड कोच, राहुल द्रविड़ की ली जगह, जय शाह ने किया ऐलान

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को भारतीय टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी।



गंभीर अब राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया था। ऐसे में बोर्ड को नए कोच की तलाश थी। इस पद के लिए पहले ही इंटरव्यू हो चुके थे।

### जय शाह ने किया एलान

जय शाह ने एक्स पर लिखा, मुझे गौतम गंभीर को भारतीय क्रिकेट टीम के नए हेड कोच के रूप में स्वागत करने हुए बेहद खुशी हो रही है। आधुनिक क्रिकेट तेजी से विकसित हुआ है और गौतम ने इस बदलते समय को करीब से देखा है। अपने पूरे करियर में कठिनाइयों का सामना करने और विभिन्न भूमिकाओं में शानदार प्रदर्शन करने के बाद, मुझे विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए एक सही व्यक्ति हैं।

### वर्ल्ड कप जीतने में अहम योगदान

भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2007 और वनडे वर्ल्ड कप 2011 का खिताब अपने नाम किया था। गंभीर इस विजेता भारतीय टीम का हिस्?सा थे। उन्होंने दोनों ही टूर्नामेंट के फाइनल में अहम पारी खेली थी। टी20 वर्ल्ड कप 2007 के फाइनल में उन्होंने 54 गेंदों पर 75 रन जड़ दिए थे। वनडे विश्व कप 2011 के फाइनल में उहोंने 122 गेंदों पर 97 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। गौतम गंभीर की कप्तानी में 2014 में कोलकाता नाइटराइडर्स ने दूसरी बार आईपीएल का खिताब जीता था। आईपीएल 2022 में गंभीर लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटॉर थे। पहले ही साल टीम प?लेऑफ में पहुंची थी। आईपीएल 2024 से पहले गंभीर कोलकाता नाइटराइडर्स से जुड़े थे।

# जसप्रीत बुमराह को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवार्ड

नई दिल्ली। टीम इंडिया को टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाने वाले स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अब एक और अवार्ड दिया गया है। जसप्रीत बुमराह ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को ही इस मुकाबले में हराया है, वहीं अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज का भी नाम नॉमिनेशन में शामिल था, लेकिन आखिर में बाजी मारी जसप्रीत बुमराह ने। पूरे टूर्नामेंट बुमराह ने घातक गेंदबाजी की। इसके बाद आखिरी यानी फाइनल मैच में तो उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ जो गेंदबाजी की, उसे कई साल तक याद रखा जाएगा।



टी20 विश्व कप 2024 में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जसप्रीत बुमराह को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवार्ड दिया गया है। जसप्रीत बुमराह ने इससे पहले टी20 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का भी पुरस्कार अपने नाम किया था। बुमराह ने रोहित शर्मा और अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज को पीछे छोड़ते हुए यह अवार्ड जीता है। करीब 30 साल के जसप्रीत बुमराह ने यूएसए और वेस्टइंडीज में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में 8.26 की औसत से 15 विकेट लिए, जिसमें उनका इकॉनमी 4.17 के आसपास रहा। वह विराट कोहली के साथ टी20 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार पाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हो गए।

न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत करते हुए बुमराह भारत के लिए हमेशा भरोसेमंद रहे, उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ पहले ही मैच में 6 रन देकर तीन विकेट हासिल किए थे। इसके चार दिन बाद पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 14 रन देकर पाकिस्तान के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। टूर्नामेंट के सुपर 8 में उन्होंने फिर से कमाल की गेंदबाजी की। तीन मैचों में कुल छह विकेट लिए। इसके बाद बुमराह ने इंग्लैंड पर भारत की सेमीफाइनल में 12 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए। इससे पहले बारबाडोस में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केवल 18 रन देकर दो बल्लेबाजों को आउट किया।

# विराट कोहली के पब पर पुलिस ने कसा शिकंजा, एफआईआर दर्ज

बेंगलुरु। क्रिकेटर विराट कोहली के बेंगलुरु स्थिति पब के खिलाफ पुलिस ने एक्शन लिया है. इसके साथ ही बेंगलुरु पुलिस ने पब के प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. जानकारी के मुताबिक, बेंगलुरु के एमजी रोड स्थित रेस्तरां वनएट कम्यून के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है. दरअसल, पुलिस ने ये कार्रवाई पब को देर रात तक खोलने के आरोप में की है. बेंगलुरु पुलिस के मुताबिक, इसके अलावा उन्होंने अन्य पबों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की है. पब प्रबंधन पर आरोप है कि वे परिचालन समय को नजरअंदाज करते हुए देर रात तक पब का संचालन कर रहे हैं.




डीसीपी सेंट्रल के बयान के मुताबिक, हमें देर रात डेढ़ बजे तक पब संचालन की शिकायतें मिली थी. इसके साथ ही हमें वहां तेज म्यूजिक बचाने की भी शिकायत मिली थी. इसके बाद शहर के करीब 3-4 पब बुक किए हैं. जहां पर देर रात तेज म्यूजिक बजाए जाने की शिकायतें मिली थी. बता दें कि बेंगलुरु में पब संचालन करने का समय रात एक बजे तक का है. इसके बाद पब को बंद करने का नियम है.

पुलिस के मुताबिक, पबों को सिर्फ रात एक बजे तक खुले रहने की अनुमति है. इससे ज्यादा समय तक पब का संचालन करना नियमों के विरुद्ध है. ऐसा करने पर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने का प्रावधान है. बता दें कि एमजी रोड स्थित वनएट कम्यून पब चिन्नास्वामी स्टेडियम के करीब है. इसी महीने की 6 तारीख को परिचालन समय से ज्यादा देर तक पब चलाने की शिकायत के बाद वनएट कम्यून पब के मैनेजर के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की गई है.

# रूस में प्रधानमंत्री मोदी ने चैंपियन टीम इंडिया को सराहा

मॉस्को। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वक्त 2 दिन के रूस दौरे पर हैं. जहां, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी गर्मजोशी के साथ पीएम मोदी का स्वागत किया. मंगलवार को भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम ने कई अहम मुद्दों पर बात की. इस दौरान उन्होंने हाल ही में टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में ट्रॉफी जीतने वाली चैंपियन टीम इंडिया की सराहना की. साथ ही उन एथलीट्स के प्रयासों को भी सराहा, जिन्होंने बीते वक्त में भारत के लिए मेडल्स जीते हैं.



29 जून को बारबाडोस में टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में खिताबी जीत दर्ज कर इतिहास रचा. 17 साल बाद टीम इंडिया ने इस टूर्नामेंट में जीत दर्ज की. इस जीत को भारत में त्यौहार की तरह सेलिब्रेट किया गया. 4 जुलाई को जब टीम इंडिया भारत लौटी, तो चैंपियन टीम से पीएम ने मुलाकात की.

अब रूस दौरे पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टीम इंडिया की इस जीत को सराहते नजर आए. उन्होंने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, टी20 वर्ल्ड कप में भारत ने ट्रॉफी जीती. दुनियाभर के भारतीयों ने अपनी टीम को जमकर सेलिब्रेट किया. आज का युवा आखिरी बॉल और आखिरी पल तक हार नहीं मानता है. विजय उन्हीं के कदम चूमती है, जो हार मानने को तैयार नहीं होते.

26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में 66 पुरुष खिलाड़ी तो वहीं 47 महिला भारतीय एथलीट हिस्सा लेने वाले हैं. ऐसे में भारत की मेडल्स की उम्मीद काफी अधिक है. पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान पेरिस ओलंपिक पर बात करते हुए कहा, ये भावना सिर्फ क्रिकेट तक सीमित नहीं है बल्कि दूसरे खेलों में भी दिखती है. बीते सालों में इंटरनेशनल टूर्नामेंट में हमारे एथलीट ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किए हैं. पेरिस ओलंपिक में भी भारत की ओर से एक शानदार टीम भेजी जा रही है. भारत की युवा शक्ति का यही कॉन्फिडेंस भारत की असली पूंजी है. यही युवा शक्ति भारत को 21वीं सदी की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सबसे बड़ी ताकत है.

# प्रथम पेज का शेष ....

***पीएम मोदी-पुतिन के बीच द्विपक्षीय वार्ता***

तनाव रहा, संघर्ष रहा और ऐसी स्थिति में जब दुनिया भोजन, ईंधन और उर्वरक के संकट से गुजर रही थी। मैंने, मेरे देश के किसानों को उर्वरक के मामले में मुसीबत में नहीं आने दिया। किसानों के हितों की रक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में हम चाहेंगे कि किसानों के के हितों के लिए भारत और रूस एक साथ मिलकर काम करें।' प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, 'ईंधन की चुनौती भी पूरी दुनिया में बड़ी गहरी थी। ऐसे में रूस के सहयोग से हम सामान्य नागरिक को पेट्रोल-डीजल की आवश्कताओं में कठिनाइयों से बचा पाए। इतना ही नहीं विश्व को यह बात स्वीकार करनी होगी कि भारत और रूस के ईंधन के संबंध में जो समझौता रहा, उसने दुनिया को भी एक प्रकार से स्थिरता देने का काम किया। दुनिया के अनेक देशों के नागरिकों को पेट्रोल-डीजल के संकट से गुजरना पड़ रहा है। लेकिन, हमारे उस समझौते के कारण हम भारत के नागरिकों को पेट्रोल-डीजल की कमी से बचा पाए। इसके लिए भी मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं।'

पीएम मोदी ने कहा 'मुझे इस बात का संतोष है कि कल हम इतने खुले मन से बात कर रहे थे। कोई लीपापोती नही थी। मैंने देखा कि बहुत सारे विचार थे। मैं एक नई सोच महसूस कर रहा हूं और एक नई सोच सामने आई है। शांति की बहाली में भारत हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार है। विश्व समुदाय को आश्वस्त करता हूं कि भारत शांति के पक्ष में है। शांति के लिए मेरे मित्र पुतिन की बातों को सुनकर मुझमें नई आशा जगी है।

***शराब घोटाले में एक और गिरफ्तारी***

प्रिज्म होलोग्राफी के मालिक का नाम सामने आया- पता चला है कि, पूछताछ में दिलीप पांडेय ने बताया है कि, सिण्डीकेट के मुख्य आरोपी - अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरूणपति त्रिपाठी की संलिप्तता में प्रिज्म होलोग्राफी के मालिक विधु गुप्ता ने 2019 से 2022 के बीच तक फर्जी होलोग्राम छत्तीसगढ़ स्थित डिस्टलरियों को उपलब्ध कराये थे।

***पुलिस भर्ती में स्थानीय को 5 साल की छूट...***

उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण से आवास दिया जाएगा। 0 आवासहीनों के लिए पंजीयन तिथि में तीन साल की वृद्धि- नवा रायपुर में आवासहीन, आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न वर्ग के परिवारों को आवास मुहैया के लिए पंजीयन की तिथि में तीन वर्ष की वृद्धि कर दी गई है। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत नवा रायपुर में आवासों का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें हितग्राहियों को न्यूनतम मूल्य में आवास प्रदान करने के लिए पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों को यथावत् रखा गया है। आवासों के पंजीयन की तिथि को 31 मार्च 2024 से ब?ाकर 31 मार्च 2027 तक कर दिया गया है। इस निर्णय से अभी तक रिक्त मकानों के पंजीयन में वृद्धि होगी। 0 भू-नक्शा का जिओ रिफ्रेंसिंग- जमीन के विवादों को निपटाने के लिए भू-नक्शा का जिओ रिफ्रेंसिंग होने से भूखंड का आधार नंबर भी लिया जाएगा। इसका उपयोग नामांतरण, सीमांकन, बटवारा आदि में किया जाएगा। वन अधिकार अधिनियम के तहत व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रधारकों की मृत्यु होने पर वारिसानों के नाम पर काबिज वन भूमि का हस्तांतरण राजस्व या वन अभिलेखों में दर्ज करने संबंधित कार्यवाही के लिए प्रक्रिया प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

0 सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन- राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए एक पृथक विभाग 'सुशासन एवं अभिसरण विभाग' का गठन होगा। जिसमें ई-समीक्षा, ई-लोकसेवा गारंटी और डिजिटल सेक्रेटरियेट को शामिल किए जाने कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। पूर्व में ये शाखाएं सामान्य प्रशासन विभाग में थी।

0 कई भर्ती परीक्षाओं में स्थानीयों को उम्र में पांच साल की छूट- छत्तीसगढ़ सशस्त्र सहायक प्लाटून कमांडर (नर्सिंग), प्रधान आरक्षक (नर्सिंग), मेल नर्स, फिमेल नर्स, लैब टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, नर्सिंग असिस्टेंड, कंपाउंडर, ड्रेसर, आरक्षक (बैंड), आरक्षक (श्वान दल) भर्ती प्रक्रिया वर्ष-2023 के तहत स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट मिलेगी।

0 स्टेट कैपिटल रीजन के लिए पांच करोड़- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तर्ज पर राजधानी क्षेत्र (स्टेट कैपिटल) को विकसित करने के लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को अधिकृत कर आवास एवं पर्यावरण विभाग को प्रशासकीय विभाग बनाया गया है। इसके लिए पांच करोड़ स्वीकृत हुए हैं।

***पतंजलि के 14 प्रोडक्ट्स की बिक्री....***

लिवामृत एडवांस, लिवोग्रिट, आईग्रिट गोल्ड शामिल है। अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी- बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को दो सप्ताह के भीतर एक एफिडेविट दायर करने का निर्देश दिया है। इसमें कपंनी को बताना है कि क्या सोशल मीडिया को-आर्डिनेटर्स ने इन प्रोडक्ट्स के विज्ञापन हटाने के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और क्या उन्होंने विज्ञापन वापस ले लिए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई अब 30 जुलाई को होगी।

***जमानत पर रिहा आरोपी के निजी ...***

जो पुलिस/जांच एजेंसी को किसी भी प्रौद्योगिकी या अन्य माध्यम से जमानत पर रिहा किए गए आरोपी की हर गतिविधि पर नजर रखने में सक्षम बनाती है, निस्संदेह अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत निजता के अधिकार का उल्लंघन होगा।

0 गूगल मैप्स पर पिन डालने की शर्त उचित नहीं- पीठ ने कहा, कि इस मामले में, पिन डालने के तकनीकी प्रभाव और जमानत की शर्त के रूप में उक्त शर्त की प्रासंगिकता पर विचार किए बिना ही गूगल मैप्स पर पिन डालने की शर्त को शामिल किया गया है। यह जमानत की शर्त नहीं हो सकती। इस शर्त को हटाया जाना चाहिए और तदनुसार आदेश दिया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि इस मामले में वह एक ऐसे आरोपी के मामले से निपट रही है जिसका अपराध अभी तक साबित नहीं हुआ है और जब तक उसे दोषी नहीं ठहराया जाता, तब तक निर्दोष होने का अनुमान लागू होता है। 0 जमानत की इतनी कठोर शर्तें नहीं हो सकती- पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि जमानत की शर्तें इतनी कठोर नहीं हो सकतीं कि जमानत का आदेश ही निरस्त हो जाए। पीठ ने कहा कि अदालत समय-समय पर पुलिस स्टेशन/अदालत में उपस्थित होने या बिना पूर्व अनुमति के विदेश यात्रा न करने की शर्त लगा सकती है। जहां परिस्थितियों की आवश्यकता हो, अदालत अभियोजन पक्ष के गवाहों या पीड़ितों की सुरक्षा के लिए किसी आरोपी को किसी विशेष क्षेत्र में प्रवेश करने से रोकने के लिए शर्त लगा सकती है। लेकिन अदालत आरोपी पर यह शर्त नहीं लगा सकती कि वह एक स्थान से दूसरे स्थान पर अपनी आवाजाही के बारे में पुलिस को लगातार सूचित करता रहे।

***पीएम मोदी को रूस का सर्वोच्च सम्मान0...***

फरवरी 2018 में फिलिस्तीन द्वारा ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन, अक्तूबर 2018 में संयुक्त राष्ट द्वारा यूएन चैंपियन ऑफ द अर्थ अवार्ड दिया गया था। वहीं, अप्रैल 2019 में यूएई द्वारा ऑर्डर ऑफ जायद और अप्रैल 2019 में ही रूस द्वारा ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू अवार्ड से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा, पीएम मोदी को जून 2019 में मालदीव से ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ इजुद्दीन, अगस्त 2019 में बहरीन द्वारा किंग हमाद ऑर्डर ऑफ द रेनेसां, दिसंबर 2020 में अमेरिका द्वारा लीजन ऑफ मेरिट, दिसंबर 2021 में भूटान द्वारा ऑर्डर ऑफ द ड्रैगन किंग और इस साल मई में फिजी द्वारा ऑर्डर ऑफ फिजी और पापुआ न्यू गिनी द्वारा ऑर्डर ऑफ लोगोहू से सम्मानित किया गया था। 0 ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू एपोस्टल क्या है?- 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू एपोस्टल' अवॉर्ड रूस का सर्वश्रेष्ठ सम्मान है। इसकी शुरुआत वर्ष 1698 में त्सार पीटर महान ने की थी। उन्होंने सेंट एंड्रयू के सम्मान में इसकी शुरुआत की थी। सेंट एंड्रयू, यीशू के पहले प्रचारक थे।

# ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे मुख्य अतिथि

## जैव विविधता पार्क अटल नगर में 11 जुलाई को

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में 11 जुलाई को अटल नगर नवा रायपुर स्थित जैव विविधता पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन संध्या 4 बजे से होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित समस्त अतिथिगणों द्वारा पौधों का रोपण किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप करेंगे।


कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं विजय शर्मा एवं मंत्रिमंडल के सदस्य गण, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अभनपुर इंद्र कुमार साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य वन सचिव ऋचा शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारियों, वनप्रबंधन समिति के सदस्यों, छात्रों एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भी अपनी मां के नाम वृक्षारोपण किया जाएगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ प्रारंभ किया गया था। इस अभियान के अंतर्गत देश में सितम्बर 2024 तक 80 करोड़ एवं मार्च 2025 तक 140 करोड़ वृक्षों का रोपण किए जाने का लक्ष्य है।



''एक पेड़ मां के नाम'' महावृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में वन विभाग द्वारा वन एवं वनेत्तर क्षेत्रों में 03 करोड़ 85 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अभियान के तहत वृक्षारोपण स्थलों का नामकरण स्थानीय देवी-देवताओं के नाम से करने का आह्वान किया है। सभी जिलों में ग्राम एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अभियान के तहत आम, जामुन, बेल, कटहल, सीताफल, अनार, शहतूत, बेर, तेन्दू, गंगाईमली जैसे फलदार पौधे तथा लघु वनोपज एवं औषधीय प्रजाति के पौधों जैसे- हर्रा, बहेड़ा, आंवला, नीम, पुत्रन्जीवा, काला सिरस, रीठा, चित्रक आदि प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में छायादार प्रजातियां बरगद, पीपल, मौलश्री, कदम, पेल्ट्राफार्म, गुलमोहर, करंज, अशोक, अर्जुन के साथ अन्य प्रजातियों का रोपण किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत सभी स्कूलों, छात्रावासों, आंगनवाड़ी केन्द्र, पुलिस चौकी, अस्पताल, शासकीय परिसर, शासकीय एवं अशासकीय भूमि, विभिन्न औद्योगिक संस्थानों की रिक्त भूमि पर इस महावृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। यहां यह उल्लेखनीय है कि एक पेड़ मां के नाम महावृक्षारोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक-से-अधिक पौधे रोपित कर छत्तीसगढ़ को हरा-भरा बनाकर पर्यावरण संतुलन बनाये रखना है। इस कार्य में समस्त शासकीय विभाग, गैर सरकारी संगठन, स्वयं सेवी संस्थान, सभी स्तर के पंचायत संस्थान, विद्यालय, स्कूल, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाकर उनकी भागीदारी से वृक्षारोपण कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# गौ हिंसा मामला : गर्भवती गाय को युवक ने मारा चाकू, आरोपी फरार

**दुर्ग। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के रुआबांधा में सोमवार रात एक युवक ने गर्भवती गाय पर चाकू से हमला कर दिया. गाय लगभग 4 से 5 महीने की गर्भवती है. आरोपी ने पहले चाकू मारा, जिससे गाय खुद को बचाने आगे भागी तो आरोपी भी अपना चाकू निकालने गाय के पीछे दौड़ा. यह सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. आरोपी गाय के मालिक और पशु प्रेमियों ने मिलकर आज सुबह भिलाई नगर थाना पुलिस में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है और गौ हिंसा के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है.**



वहीं सुबह गाय के मालिक ने जब उसके पेट में घुसे चाकू को देखा, तो उसने तुरंत डॉक्टर को बुलाया और पुलिस को घटना की सूचना दी. डॉक्टर ने गाय के पेट से चाकू निकाला और मौके पर पहुंची पुलिस को सौंपा. वहीं मामले की जांच में पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग देखी तो पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद मिली, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश में जुट गई है. ?

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी की पहचान रामशंकर उम्र - 27 साल के रूप में हुई. पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले भी अपराधिक मामले में जेल जा चुका है. गाय के साथ हिंसक घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार है.

# भाजपा सरकार किसानों को कर्जा लेने पर मजबूर कर रही है और मजबूर किसान कर्जा में डूबेंगे- भुनेश्वर बघेल

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य एक किसानों का प्रदेश है और किसान हमारा अन्नदाता है लेकिन आज रोपाई और बियासी के समय उसको खाद और यूरिया की ज़रूरत के समय उसको सोसाइटी की जगह बाज़ार की तरफ़ जाना पड़ रहा है क्योंकि सरकार अन्नदाता को खाद और यूरिया सब्सिडी में नहीं दे पा रही है।



ये एक तरह की साजिस है किसानों के साथ ताकि वो अपनी फसलें अच्छे से न उगा पाये और मुनाफ़ाखोर सरकार को बड़ा कमीशन मिले।याद करे जब बीजेपी की पंद्रह साल की सरकार थी। तब किसान कर्ज के कारण आत्महत्या करते थे क्योंकि उनके ऊपर इतना कर्ज हो जाता था और उनकी फ़सल का दाम भी सरकार सही नहीं दे पाती थी और जो घोषणा रमन सिंह जी के जमाने में होती थी किसानों के लिए वो भी पूरी नहीं करते थे वही हाल फिर होने वाला है और उसकी शुरुआत बीजेपी की सरकार ने कर दिया है। किसानों की दुर्दशा को कांग्रेस की सरकार ने दूर किया और सरकार बनते ही दो घंटे के अंदर छत्तीसगढ़ के किसानों का कर्जा माफ़ किया और उनकी धान का समर्थन मूल्य पच्चीस सौ देकर उनकी मेहनत का सम्मान किया और खेती को एक फ़ायदे का सौदा बनाया जिसके चलते हर साल उनका समर्थन मूल्य बढ़ाया भी और आज किसान खाद और यूरिया के लिए बाज़ार जा रहा है यानि कर्जा भी ले रहा होगा और उस पर कर्ज बढ़ेगा तो उसको परेशानी आएगी लेकिन सत्ता में बैठी बीजेपी की सरकार केवल मुनाफ़ाखोरी और कमीशन खोरी करने जा रही है और किसानों के साथ षड्यंत्र होने जा रहा है।

मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन सिर्फ़ एक ढोंग है,डबल इंजन की सरकार केवल किसानों को लूट रही है और ठगने का प्रयास कर रही है।जब डबल इंजन की सरकार है तो प्रदेश में खाद की कमी नहीं होनी चाहिए।

# शासकीय प्राथमिक शाला में छात्र दैनंदिनी का विमोचन

डोंगरगांव (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला-नाथूनवागांव, विकासखंड डोंगरगांव में छात्र दैनंदिनी विमोचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि - निर्मला जितेंद्र सिन्हा ,जनपद पंचायत सदस्य डोंगरगांव रहे विशेष अतिथि के रूप में छात्र दैनंदिनी के स्पॉन्सर रोहित कुमार साहू राजनंदगांव एवं ग्राम के युवा सरपंच लकेश्वर मंडावी उपसरपंच खिलेश्वर कुर्रे, संकुल समन्वयक धनसाय सलामे शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर. एल. पात्रे ने किया।



उन्होंने अपने उद्बोधन में कहां की प्राथमिक शाला नाथूनवागांव पूर्व से ही नवाचार की दिशा में कार्यरत है और छात्र दैनंदिनी ऐसा ही नवाचार है छात्र दैनंदिनी को एक अच्छे पहल बताया पालक के साथ जोड़ने का । छात्र दैनंदिनी के बारे में चर्चा करते हुए समस्त पालक और बच्चों को बताया कि जब तक पालक बालक और शिक्षक साथ काम नहीं करेंगे तब तक शिक्षा के क्षेत्र में नयापन नहीं आ सकता उन्होंने कहा छात्र जीवन बहुत ही महत्वपूर्ण जीवन होता है जिसमें समस्त छात्र अपने जीवन की एक नई ऊंचाइयों को छूता है उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया और जीवन में आगे बढ़ते रहने के लिए कहा ।

मुख्य अतिथि निर्मला जितेंद्र सिन्हा ने भी बच्चों को उद्बोधन में कहा कि जीवन में हमेशा ऊंचाइयों को छूते रहे और स्कूल की उन्नति के लिए उन्होंने सुविधाओं का होना आवश्यक बताया और इसी की पूर्णता के लिए स्कूल के हैंड पंप में बोर लगाने के लिए घोषणा की तद पश्चात प्रधान पाठक द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की समापन की घोषणा की गई।

# ग्राम झीका के स्कूल में बच्चों द्वारा वृक्षारोपण



राजनांदगांव(दावा)। ''वृक्षारोपण अभियान'' ग्राम झीका में आज स्कूल परिसर में बृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत शाला परिसर में ग्रामीणों एवं स्कूल के बच्चों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर अभियान संगठन की अध्यक्ष तथा छतीसगर महिला प्रदेश कांग्रेस- की महा सचिव रुबिना अल्वी तथा उपाध्यक्ष आरति श्रीवास्तव, समाजसेवा निदा अल्वी, स्तुति श्रीवास्तव सहित शाला की शिक्षिकायें /छात्र तथा ग्राम झीका के ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## बलौदाबाजार जिले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का करेंगे शुभारंभ

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरसिया जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के कार्यालय का विधिवत शुभारंभ 10 जुलाई 2024 शाम 5 बजे करेंगे एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# सांकरदाहरा विकास समिति का शपथ ग्रहण समारोह एवं वृहद वृक्षारोपण

डोंगरगांव(दावा)। प्रदेश के दूसरे प्रयाग के रूप में प्रसिद्ध मोक्षधाम सांकरदाहरा विकास समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार सात जुलाई को देवरी में आयोजित किया गया है।

शपथ ग्रहण समारोह के मुख्यअतिथि खुज्जी विधायक भोलाराम साहू थे। इसके अलावा बतौर विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य क्रांति भंडारी, गिरधारी लाल साहू, डुमेश्वर साहू, रूपराम चंद्रवंशी, अंजली घावड़े, कमलनारायण वैष्णव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।



खुज्जी विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए

विधायक भोलाराम साहू ने सांकरदाहरा विकास समिति का नया अध्यक्ष बनने के लिए भुनेश्वर साहू को बधाई एवं शुभकामनायें दी। विधायक भोलाराम साहू एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा शपथ ग्रहण के बाद सांकरदाहरा में खाली मैदान के चारों ओर वृहद रूप से वृक्षारोपण भी किया गया।

विधायक श्री साहू ने कहा भारतीय संस्कृति में एक वृक्ष का महत्व दस पुत्रों के बराबर माना गया है. वनस्पति के साथ-साथ नदी, पहाड़ आदि को जीवंत मानना हमारी संवदेनशील सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक है. प्रत्येक व्यक्ति अपने आस-पास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। इससे हमें स्वच्छ हवा मिलेगी। हम कई तरह की बीमारी से बच सकते हैं। कई तरह की गंभीर बीमारियां पर्यावरण के दूषित होने से बढ़ रही हैं। इसे गंभीरता से समझना होगा और हर व्यक्ति को जनहित व देशहित पौधारोपण करने का संकल्प लेना होगा।

# निर्माणाधीन नाले की दीवार गिरने से दो मजदूरों की मौत



**कोंडागांव (दावा)।जिले में एक दर्दनाक हादसे में दो लोगों की जान चली गई है. निर्माणाधीन नाले की दीवार गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई.**

यह मामला केशकाल थाना क्षेत्र का है. बताया जा रहा है कि केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खालेमुरवेंड में इन दिनों नाला निर्माण का कार्य चल रहा है.

वहीं दोनों मजदूर बारिश से बचने के लिए निर्माणाधीन नाले के अंदर बैठे हुए थे, तभी अचानक बारिश के कारण निर्माणाधीन नाले की दीवार ढह गई और वे उसमें दब गए. जिससे दोनों की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

# श्रमिकों के समस्याओं का समाधान करने हेतु विकास खण्ड स्तर के ग्राम पंचायतों में मोबाइल कैंप शिविर का आयोजन

**मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के घोषणा के अनुरूप श्रमिकों के समस्याओं का समाधान करने हेतु जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत आने वाले विकासखण्डों के ग्राम पंचायतों में मोबाइल कैंप शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मोबाइल कैंप के माध्यम से शासन द्वारा श्रमिक वर्ग हेतु संचालित श्रमिक पंजीयन/ नवीनीकरण/संशोधन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है तथा निर्माण श्रमिकों/असंगठित कर्मकारों का पात्रतानुसार पंजीयन हेतु ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है।**

इसके अतिरिक्त मोबाइल कैंप में आवेदनों तथा पंजीयनों में आ रही समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा। पंजीयन/योजनाओं के ऑनलाईन आवेदन जिले के समस्त विकासखंडों के जनपद पंचायतों में संचालित श्रम कल्याण केंद्र, मोबाइल एप (श्रमेव जयते एप)/नजदीकी लोक सेवा केंद्र व इंटरनेट कैफे के माध्यम से कराया जा सकते हैं। श्रमिक पंजीयन/योजनाओं की अधिक जानकारी के लिए मुख्यमंत्री सहायता केंद्र के हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर-0771-3505050 पर संपर्क कर सकते हैं। जहां से श्रमिक पंजीयन एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। जिले में मोबाइल कैंप शिविर के तहत विकास खंड अं.चौकी में 9 जुलाई को मांगाटोला, 11 जुलाई को मोंगरा, 12 जुलाई को केकतीटोला, 16 जुलाई को सोनसायटोला, 17 जुलाई को बिहरीकला, 18 जुलाई को हाण्डीटोला, 23 जुलाई को सांगली, 24 जुलाई को मुरेटीकला, 26 जुलाई को पांगरी में इसी प्रकार मोहला विकास खंड में 9 जुलाई को मोहला, 11 जुलाई को रेंगाकठेरा, 12 जुलाई को विजयपुर, 16 जुलाई को चांपाटोला, 17 जुलाई को रानाटोला, 18 जुलाई को आलकन्हार, 23 जुलाई को सोमाटोला, 24 जुलाई को दनगढ़, 26 जुलाई को पिडिंगपार में इसी प्रकार मानपुर विकास खंड में 9 जुलाई को तोलुम, 11 जुलाई को ढब्बा, 12 जुलाई को कोराचा, 16 जुलाई को कंदाडी, 17 जुलाई को ख्वासफड़की, 18 जुलाई परालझरी, 23 जुलाई को ईरागांव, 24 जुलाई को नेडग़ांव, 26 जुलाई को भावसा में आयोजित किया जायेगा।

# वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ




विधायक सहित गणमान्य जनों ने उपस्थित होकर आयोजन कर्ताओं का उत्साहवर्धन किया

डोंगरगढ़(दावा)। विकल्प एक प्रयास के तत्वाधान में डोंगरगढ़ का पहला ग़ैर सरकारी वृहद् वृक्षारोपण का आयोजन दिनांक 7 जुलाई को हाई स्कूल मैदान में सुबह 9.30 बजे रखा गया था। जिस में लगभग 50 पौधे का रोपण किया गया। संस्था के सदस्य मनोज गुप्ता ने इस अवसर पर कहा की संस्था समय-समय पर ऐसे रचनात्मक कार्य करती रहती है। इस बार लगभग पचास पौधे का रोपण जन सहयोग से किया गया। आयोजन कर्ताओं का उत्साह वर्धन करने विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल सहित शहर के गणमान्यजनों के अलावा वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

इस वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम में एसडीओ फारेस्ट डोंगरगढ़ श्रीमती पूर्णिमा राजपूत के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम को किया गया एवं विभाग के कर्मचारी को भी नियुक्त कर पौधे के रक्षण और संरक्षण की जानकारी भी दी और संस्था को भविष्य में और सहयोग करने की बात की ।इस वृक्षारोपण में डोंगरगढ़ की विधायिका श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्णिमा राजपूत एस डी ओ फारेस्ट, तरुण बंजारी एसपी आईटीबीपी मनोज अग्रवाल अध्यक्ष मंदिर ट्रस्ट मनोज गुप्ता निज़ार जीवा, विश्वनाथ यादव, धीरज मेश्राम, संजीव गोमस्ता, गोपाल खेमुका, पिंटू भाटिया, कैलाश अग्रवाल, जे.के.जैन, अमित जैन, उपेन्द्र उजवाने, चेतन अग्रवाल, विनीत यादव, अनिल परमार, श्रीमती शीमा परमार, श्रीमति अनीता गुप्ता, शीतु गुप्ता, हरीश भंडारी, राधे श्याम तराने, कुश मालेकर विशेष रूप से उपास्थित थे अंत में मनोज गुप्ता ने सब को धन्यवाद दिया उपरोक्त जानकारी निज़ार जीवा ने दी।

# स्वच्छता अभियान के लिए माध्यमिक शाला हरडुआ में हुआ प्रशिक्षण आयोजित



राजनांदगांव। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं सुश्री सुरुचि सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशानुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत चयनित 30 पंचायत के 50 स्कूलों के स्वच्छता नोडल शिक्षकों एवं सफाई कर्मियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हरडुवा में जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में यूनिसेफ एवं वर्ल्ड विजन इंडिया द्वारा आयोजित किया गया।

उक्त प्रशिक्षण में स्वच्छता संबंधित स्कूल के साफ-सफाई से लेकर व्यक्तिगत स्वच्छता, पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली (मिशन लाईफ), सफाई कर्मचारी की सुरक्षा, गरिमा एवं सम्मान के संबंध में विस्तार पूर्वक बसंत मारकंडे वर्ल्ड विजन इंडिया यूनिसेफ द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसजवाल, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे एवं विकासखंड से विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती आहूजा एवं विकासखंड स्तोत्र समन्वयक भगत सिंह ठाकुर प्रतिभाग किया।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 207.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर (दावा)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 207.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 09 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार सुकमा जिले में सर्वाधिक 342.8 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 94.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 145.1 मिमी, बलरामपुर में 231.1 मिमी, जशपुर में 190.7 मिमी, कोरिया में 175.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 140.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

# दपूमरे नागपुर मण्डल में मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति का पुनर्गठन हेतु आवेदन

राजनांदगांव (दावा)। रेल मंत्रालय के निर्देशानुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में दो वर्ष 2024-2026 हेतु मंडल रेल उपयोकर्ता परामर्श समिति के नई समिति का गठन किया जाना है, जिसके लिए रेल प्रशासन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मण्डल द्वारा समिति के गठन हेतु आवेदन आमंत्रित प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है ताकि आगे की प्रक्रिया हेतु मुख्यालय बिलासपुर भेजा जा सकें।



इस समिति में मंत्रालय द्वारा नामित सदस्यों के अलावा स्थानीय चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स, ट्रेड असोसिएशन, उद्योग संबंधी एसोसिएशन, कृषि संबंधी एसोसिएशन, पैसेंजर/रेलयात्री एसोसिएशन एवं उपयोगकर्ता संरक्षण संगठन एवं विकलांग एसोसिएशन के प्रतिनिधियों का समावेश किया जाएगा।

इस मंडल रेल उपयोकर्ता परामर्श समिति में सदस्यता हेतु वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे-नागपुर को दिनांक 30 जुलाई तक आवेदन कर सकते है। ऐसे व्यक्ति जो रेल प्रशासन के साथ लाभ के कार्य से जुड़े हुए है अथवा केन्द्र या राज्य सरकार के कर्मचारी है, वे इस समिति में सदस्यता हेतु पात्र नहीं है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल

# भूमि-मकान आदि के पंजीयन के समय ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा, जुलाई से होगा लागू

**रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के लोगों को अब भूमि-मकान आदि के पंजीयन के समय ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा मिलेगी। इसके लिए राज्य के सभी पंजीयन कार्यालयों में जुलाई माह से व्यवस्था लागू की जाएगी।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल से एनजीडीआरएस प्रणाली में पंजीयन के समय ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने के पहले ही नेटबैंकिंग और यूपीआई दोनों तरीके से भुगतान करने की सुविधा प्रदान की जा रही है।



वित्त और वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर महानिरीक्षक पंजीयन और अधीक्षक मुद्रांक की ओर से लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए पंजीयन विभाग ने ऑनलाइन शुल्क भुगतान की सुविधा को एनजीडीआरएस प्रणाली में जुलाई 2024 से लाइव किया गया है। पक्षकार रजिस्ट्री कराने के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने के पहले ही नेटबैंकिंग और यूपीआई दोनों तरीके से भुगतान कर सकते हैं।

यह राज्य के सभी पंजीयन कार्यालयों में एनआईसी में निर्मित एनजीडीआरएस प्रणाली से दस्तावेजों के पंजीयन का कार्य हो रहा है। ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा न होने से पंजीयन शुल्क नगद, चेक और डीडी के माध्यम से जमा किया जाता रहा हैं। ऑनलाइन शुल्क भुगतान की सुविधा होने से विभाग कैशलेस के साथ पेपरलेस और फेसलेस पंजीयन की दिशा में अग्रसर हो सकेगा, जिसमें आधार आधारित वेरिफिकेशन किया जाकर पक्षकारों को घर बैठे ही संपत्ति के क्रय-विक्रय संबंधी विलेखों के पंजीयन की सुविधा प्रदान की जा सकेगी। पंजीयन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक चरण में आम जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े इसके लिए वर्तमान में ऑनलाइन शुल्क भुगतान के साथ नगद और चेक के माध्यम से फीस लिये जाने की व्यवस्था आगामी आदेश तक जारी रहेगी। ऑनलाइन भुगतान होने से पक्षकारों को सुविधा के साथ-साथ पंजीयन कार्यालय के कर्मचारियों को भी कैश हैंडलिंग की समस्या से राहत होगी।

अधिकारियों ने यह भी बताया कि दस्तावेज लेखकों, अधिवक्ताओं एवं पंजीयन कार्य से जुडे व्यक्तियों को ऑनलाईन भुगतान के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रशिक्षण प्रदाय किया गया है। विभाग द्वारा कैशलेश प्रणाली के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए अधीनस्थ पंजीयन कार्यालयों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। विभाग द्वारा ऑनलाईन पेमेंट गेटवे के अतिरिक्त पंजीयन कार्यालयों में स्वाईप मशीनों की स्थापना भी की जा रही है। इससे दस्तावेजों का पंजीयन कराने वाले पक्षकारों को सुविधा होगी।

# सांसद संतोष पाडेय के अथक प्रयास से राजनांदगांव डाक उप संभाग को पूर्ण संभाग का दर्जा मिला

### सांसद की पहल पर केन्द्रीय मंत्री ने लगाई मुहर

राजनांदगांव (दावा)। संसदीय क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय के प्रयास से राजनांदगांव डाक विभाग के उपसंभाग को पूर्ण संभाग का दर्जा प्राप्त हो गया है। मंत्रालयीन आदेश के माध्यम से विभाग ने पत्र जारी कर इस बाबत जानकारी प्रसारित भी कर दी है।



सांसद संतोष पान्डेय ने बताया कि 17 वीं लोकसभा के दौरान इस विषय को लोकसभा मे मंत्री जी के समक्ष रखा था जिसमे संभागीय कार्यालय भिलाई मे होने के कारण राजनांदगांव लोकसभा की जनता एवं कर्मचारी डाक विभाग से संबंधित कार्य हेतु भिलाई (दुर्ग) पर निर्भर रहने संबंधी अपनी बात रखी थी जिस पर मंत्री जी ने आश्वसन दिया था एवं विभागीय अधिकारियों को उक्त संबंधी प्रक्रिया पूरी करने हेतु आदेशित किया था, सांसद संतोष पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं संचार विभाग के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं तात्कालीन मंत्री अश्वानी वैष्णव का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र को लाभ होगा एवं डाक विभाग संबंधी कार्यो के लिए दुर्ग पर निर्भरता कम होगी।

राजनांदगांव को पूर्ण संभाग का दर्जा प्राप्त होने पर राजनांदगांव स्थित डाक विभाग के अधिकारी कर्मचारियों एजेंटों ने सांसद से मिलकर उन्हें बधाई दी।

## 13, 20 और 27 जुलाई को विभिन्न रेल गाड़ियां रद्द रहेगी

डोंगरगढ़ (दावा)। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार,चक्रधरपुर मंडल के विभिन्न सेक्शनों में मेगा ब्लॉक लेकर अपग्रेडेशन का कार्य किया जाएगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल से चलने/गुजरने वाली गाडी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-टाटानगर एक्सप्रेस दिनांक 13, 20 एवं 27 जुलाई 2024 को रद्द रहेगी।

# मोहर्रम के दौरान डोंगरगढ़ में असामाजिक तत्वों पर रहेगी प्रशासन एवं पुलिस की नजर

**राजनांदगांव (दावा)। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ खेमलाल वर्मा ने बताया कि मोहर्रम के दौरान असामाजिक तत्वों पर जिला प्रशासन एवं पुलिस की नजर रहेगी। मोहर्रम पर्व मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा मनाये जाने वाला पर्व है।**

डोंगरगढ़ के सुन्नी समुदाय द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री वर्मा को पत्र प्रेषित कर आग्रह किया गया है कि मोहर्रम पर्व के दौरान अन्य समुदाय के लोग शेर की वेशभूषा एवं भाव-भंगिमा के साथ अस्त्र-शस्त्र लेकर चलते हैं तथा नगर निवासियों से अवैधानिक रूप से चंदा व परितोषिक के रूप में राशि वसूल करते हैं। उनके द्वारा ऐसे व्यक्तियों पर रोक लगाये जाने का आग्रह किया गया है। प्रशासन एवं पुलिस के द्वारा इस संबंध में डोंगरगढ़ के नागरिकों को सूचित किया जाता है कि यदि इस प्रकार का कृत्य करते हुए पाये जाने पर उसकी सूचना पुलिस को दें। साथ ही व्यक्तियों के द्वारा पर्व के दौरान अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने पाये जाने अथवा चंदा व परितोषिक वसूल करते पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जायेगी।

**अवैधानिक रूप से चंदा वसूली करने तथा अस्त्र-शस्त्र लेकर चलते पाये जाने पर की जायेगी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई**

# कलेक्टर ने संवेदनशीलतापूर्वक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट शक्ति कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के दूरस्थ स्थानों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में जनसामान्य से प्राप्त मांगों एवं समस्याओं के आवेदन पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आज जनदर्शन कार्यक्रम में डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अण्डी की यशोदा साहू को तत्काल बैशाखी दिया। यशोदा साहू ने पुराना बैशाखी खराब होने की जानकारी दी और नये बैशाखी दिलाने के लिए आवेदन किया था। ग्राम धौराभांठा निवासी श्रीमती कुंतीबाई, खिलेश जंघेल, चंद्रिका प्रसाद लोधी ने नामांतरण कर ऑनलाईन एन्ट्री करने के लिए आवेदन किया। ग्राम पेण्ड्री निवासी श्रीमती दुर्गा बाई ने महतारी वंदन योजना से लाभान्वित करने के लिए आवेदन किया। ग्राम परसबोर्ड के शोभाराम कश्यप ने आबादी पट्टा प्रदाय करने के लिए आवेदन किया।



**जनदर्शन में ग्राम अण्डी की यशोदा साहू को तत्काल मिली बैशाखी, जनदर्शन में अपनी समस्याओं को लेकर जिले के दूरस्थ स्थानों से पहुंचे नागरिक, कलेक्टर ने आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश**

इसी तरह जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, जाति प्रमाण पत्र, शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, निजी भूमि से बेजा कब्जा हटाने, रकबा संशोधन एवं बटांकन, ग्राम मुरमुंदा में नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए सहित जननी सुरक्षा योजना से लाभ दिलाने जैसे आवेदन किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में भी स्मार्ट बिजली सप्लाई सुविधा शुरू



रायपुर (दावा)। देशभर के कई राज्यों के साथ ही अब छत्तीसगढ़ ने भी स्मार्ट बिजली सप्लाई की ओर एक कदम बढ़ा दिया है, बिजली कंपनी प्रीपेड स्मार्ट मीटर सुविधा शुरू करने जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं को अब महीने के आखिरी में नहीं बिजली का उपयोग करने से पहले पैसे देने होंगे, ये किसी मोबाइल रिचार्ज की तरह होगी। उपभोक्ता का रिचार्ज खत्म होने पर उसके घर की बिजल बंद हो जाएगी।

इसके लिए फिर से रिचार्ज कराना होगा। अब बिजली की दरों में 8.35 फीसदी की वृद्धि होगी और 20 पैसे प्रति यूनिट की दर से रेट में बढ़ोत्तरी होगी। नई दरें 1 जून 2024 से प्रभावशील होगी, इसके अलावा कृषि पंपों के लिए भी विद्युत दर में इजाफा कर दिया गया है। कृषि पंपों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। कृषि उपभोक्ताओं को पहले 5.05 रुपए की दर से चार्ज लगता था जो अब 5.30 रुपए हो गया है। बिजली की दरों में 8.35 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी गई है। देशभर के कई राज्यों के साथ ही अब छत्तीसगढ़ ने भी स्मार्ट बिजली सप्लाई की ओर एक कदम बढ़ा दिया है।

# पांच दर्जन तेल टीन चोरी करने वाले पकड़ाये

### थाना डोंगरगांव पुलिस की कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। बता दें कि थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ, शराब, चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। दिनांक 03.07.24 को माई ट्रेडर्स अर्जुनी के संचालक ने थाना आकर शिकायत दर्ज कराई थी ग्राम अर्जुनी मे स्थित किराना दुकान जिसे अपने साझेदारी सहयोगी के साथ मिलकर संचालन करता था कि दिनांक 03.07.24 को रात्रि 12.00 बजे तक दुकान की निर्माण कर सभी कामगार व प्रार्थी के घर चले जाने के बाद चोरों के द्वारा रात में दुकान के शटर को उखाड़ कर दुकान में रखे विभिन्न प्रकार के कंपनियों के तेल जिसे दुकान मे बिक्री करने हेतु रखा था को चोरी कर ले गये।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर विवेचना मे लेकर थाना डोंगरगांव के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये संदेहीयों से पुछताछ व क्षेत्रातर्गत मुखबीर लगाकर अज्ञात आरोपी की पता तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबीर से सुचना मिली कि एक व्यक्ति जो अपने गांव ग्राम नागरकोहरा, ओपी चिचोला में तेल की टीन को सस्ते दामों मे देने व अपने पास बहुत सारा तेल का टीन होने की बात कर रहा है। सूचना पर त्तकाल सउनि विजय साहू के नेतृत्व मे पुलिस टीम गठित कर, हमराह मौके गवाहान को साथ लेकर ग्राम नागरकोहरा मे राकेश कुमार साहू पिता लखनलाल साहू, उम्र- 28 साल, पता- नागरकोहरा, ओपी चिचोला, जिला राजनांदगांव के घर दबिश दिया जहां आरोपी पुलिस को देखकर भागने के फिराक मे था।

जिसे पकड़ लिया गया। राकेश कुमार साहू को पकड़कर कड़ाई से पुछताछ करने पर उसने तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। जिसके बाद आरोपी के बयान के आधार पर चोरी के माल मे से उसके पास रखे 19 नग तेल टीन को बरामद कर अन्य तीन आरोपी सुरज कुमार कोसरे पिता भुषण कोसरे, उम्र- 20 साल, ,महेश कुमार उर्फ महेशु साहू पिता लोकनाथ साहू , उम्र- 24 साल तथा राकेश कुमार निर्मलकर ग्राम तिलईरवार के संबंध मे बताने से सुरज कुमार कोसरे एवं महेश कुमार के घर रेड कार्यवाही किया जहां आरोपीयों के द्वारा चोरी के तेल टीन को घर अंदर के कमरे मे छुपा कर रखा था।

दोनों आरोपी चोरी के माल को खपाकर अन्य राज्य भागने की योजना बना रहे थे। जिससे पकड़कर घटना के संबंध मे पुछा जो घटना कारित करना स्वीकार किये जाने से ग्राम तिलईरवार मे आरोपीयों के पास से घटना मे प्रयुक्त वाहन 1 नग बोलेरो पीकप क्रमांक 08 एआर 6420 एवं 40 नग तेल टीन कुल तेल टीन 59 नग कीमती 90,000 रूपये को जप्त किया गया। तथा आरोपी सुरज कोसरे एवं महेश कुमार साहू को दिनाक सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं एक फरार आरोपी राकेश कुमार साहू निवासी नागरकोहरा को मंगलवारा को गिरफ्तार कर लिया गया।

# जनपद सदस्य के पति द्वारा जनपद निधि का दुरूपयोग





डोंगरगांव (दावा)। ग्राम पंचायत अमलीडीह में जनपद सदस्य के पति रोहित सोनकर के द्वारा जनपद निधि के तहत आरी धरसा से शमशान घाट मुरमीकरण रोड कार्य मनमानी तरीके से कमाया गया है, जिसमें जेसीबी का उपयोग पूर्णतः किया गया है, जिसमें इस्टीमेट के हिसाब से मटेरियल+मजदूरी दिया गया है जिसमें मजदुरी का नामोनिसान नहीं किया गया है। इंस्टीमेट के हिसाब से मुरूम का लेंथ 8 इंच होना चाहिए जिसमें 4 इंच बिछाई हुआ है, यह पूर्ण कार्य पंचायत के पदाधिकारी के बगैर किया गया है और यह कार्य का मूल्यांकन किया गया है जिसमें पंचायत के पदाधिकारियों को नवाज खान का धौंस देकर ठेकादारी बताकर जिला महामंत्री किसान कांग्रेस का नेतागीरी बताकर कार्य गलत सलत किया गया। इसलिए इस कार्य का जाँच कर उचित कार्यवाही किया जावें। इसकी शिकायत छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा (पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री) से भी की गई है।

# बालोद जिले में सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत



बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में एक सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत हो गई है। दुर्ग से बालोद घूमने आए 5 लोगों में से तीन दोस्त एक ही बाइक में सवार थे। सियादेवी मंदिर जाने के दौरान इनकी बाइक पेड़ से जा टकराई। तीनों ने मौके पर दम तोड़ दिया।

पुलिस के मुताबिक मरने वाले तीनों मृतक के नाम नमन 21 वर्ष, देवानन्द 24 वर्ष और खिलेंद्र 26 वर्ष बताया जा रहा है। तीनों युवक दुर्ग जिले के ग्राम विनायकपुर के रहने वाले थे। बालोद डीएसपी डी.एस. राठौर के अनुसार मंगलवार को तीनों दोस्त पाली के पिकनिक स्पॉट पर घूमने के लिए निकले थे।

तीनों दोस्त दोपहिया वाहन से से पाली की ओर रहे थे। गाड़ी की रफ्तार ज्यादा होने के चलते उनकी गाड़ी बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीनों को सिर में चोटें आई। चोट इतनी गंभीर थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम के लिए शवों को अस्पताल भिजवाया गया है। घटना की तीनों दोस्तों की मौत हो गई। तीनों युवक दुर्ग जिले के ग्राम विनायकपुर के रहने वाले थे। तीनों दोस्त सियादेवी मंदिर घूमने पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक तीनों युवकों को सर पर गंभीर चोट लगी जिससे उनकी मौत हो गई।

# वृक्ष लगायें-जीवन बचायें, संदेश के साथ शंकरपुर स्कूल में हुआ वृक्षारोपण



राजनांदगांव(दावा)। गजानंद माधव मुक्तिबोध शास. उ. मा. शाला शंकरपुर में वृक्ष गंगा समिति के तत्वावधान में सघन वृक्षारोपण का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ पार्षद एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष शिव वर्मा की उपस्थिति में वृक्ष गंगा समिति के सदस्यगण एवं समाजसेवी राजेन्द्र लाल यादव, रमेश पुरोहित, गिरीश ठक्कर, झम्मन देवांगन, विवेक शुक्ला द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर शाला परिवार की ओर से प्रभारी प्राचार्य संज्ञा अग्रहरि, व्यायाम शिक्षक शैलेन्द्र तिवारी, शिक्षकगण अन्नपूर्णा वाघमारे, सरोज भूआर्य, सुधा ताम्रकार, कमलेश्वर साहू, निशा गजभिये, प्रतिभा खापर्डे, छाया ठक्कर तिवारी, आर.सिन्हा, नेमकुमारी, किरण ठाकुर, त्रिवेता देवांगन सहित शाला के सभी छात्र छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण में सहयोग किया गया। नगर निगम के कर्मचारियों का अनुकरणीय सहयोग प्राप्त हुआ। आयोजन समिति एवं शाला के शिक्षकों द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं एवं वार्डवासियों को वृक्ष लगायें जीवन बचायें, का संदेश देते हुए वृक्षारोपण पश्चात् पौधे एवं वृक्षों की देखभाल एवं सुरक्षा करने के लिये भी प्रेरित किया गया।

# नायब तहसीलदार को कार्यालय में ही मारा थप्पड़, विरोध में प्रदेश के तहसीलदार आज करेंगे हड़ताल

**महासमुंद। छत्तीसगढ़ के महासमुंद में नायब तहसीलदार को कार्यालय में कॉलर पकड़कर थप्पड़ मारने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद प्रदेशभर के तहसीलदार आक्रोश में है। आज मंत्री टंकराम वर्मा को ज्ञापन सौंपकर हड़ताल की जानकारी दी। इस फैसले से कामकाज पूरी तरह से चरमरा जाएगी। बता दें कि प्रदेशर के पटवारी 32 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं, वहीं अब प्रदेश के तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल की चेतावनी दी है।**

नायब तहसीलदार से मारपीट का यह मामला महासमुंद जिले के झलप का है। बताया गया कि उप तहसील राजस्व कोर्ट में सोमवार को नायब तहसीलदार युवराज साहू शासकीय कार्य कर रहे थे। इसी दौरान कुलप्रीत सिंह निवासी छिलपावन ने किसी बात को लेकर चप्पल फेंककर पहले नायब तहसीलदार को मारा। इसके बाद भी मन नहीं भरा तो थप्पड़ भी जड़ दिए। एकाएक हुई इस घटना से तहसील में उप तहसील में अफरा-तफरी मच गई।





इस दौरान कुलप्रीत और नायब तहसीलदार के बीच कहासुनी भी हुई। घटना के बाद पटवारी, आरआई, नायब तहसीलदार पटेवा थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। इस मामले में पुलिस भी नहीं बता पा रही है कि किस बात को लेकर मारपीट हुई। पटेवा थाना प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि नायब तहसीलदार से मारपीट हुई है। आरोपी पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### थाने के बाहर की नारेबाजी

थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद पटवारी, आरआई, नायब तहसीलदार ने नारेबाजी भी की। वहीं आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। लेकिन पुलिस ने मामले में किसी तरह की कार्रवाई नहीं की। फिलहाल आज चेतावनी के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com